हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद में आवारा कुत्तों ने 4 साल के बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला

(एजेंसी) हैदराबाद। हैदराबाद में आवारा कुत्तों ने चार साल के एक बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर देखा गया। वीडियो में कुत्तों को बच्चे का पीछा करते हुए अचानक से उस पर हमला करते देखा जा सकता है जिसके बाद बच्चा सड़क पर गिर गया। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि बच्चे के पास संभवतरू खाने की किसी चीज का पैकेट था। उन्होंने कहा कि शहर के अंबरपेट इलाके में रविवार को घटी इस घटना की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गयीं। अधिकारी के अनुसार हमले में बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। उसके पिता और अन्य लोग उसे अस्पताल ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे का परिवार राज्य के निजामाबाद जिले का रहने वाला है।

### बेरोजगारी और महंगाई के कारण बिहार में हो रही अपराधिक घटनाएं : मंत्री

(एजेंसी) पटना। बिहार में लगातार घटती अपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष जहां जंगलराज की वापसी की बात कहकर सरकार को घेरने में जुटी है वहीं बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने पुलिस को दोष नहीं देकर बेरोजगारी और महंगाई को इसका कारण बताया है। महासेठ से जब पत्रकारों ने पटना के जेठुली गोलीकांड को लेकर सवाल किया तो उन्होंने अजीबोगरीब बयान दिया। उन्होंने साफलहजे में कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से तनाव में आए युवा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर इसके लिए दोष मढ़ते हुए कहा कि अगर नीतियां होती और वादे के अनुसार दो करोड़ लोगों को रोजगार केंद्र सरकार देती तो लोगों में तनाव नहीं होता। उन्होंने कहा कि लोगों की आय घट रही है और महंगाई बढ़ रही है, जिससे आक्रोश है। बिहार के लोगों को अगर रोजगार मिलता तो ऐसी घटनाएं नहीं होती। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि सभी आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आक्रोशित लोगों द्वारा की गई आगजनी में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो चुकी है।

### बीआरएस ने एआईएमआईएम को एमएलसी सीट के लिए समर्थन देने का किया ऐलान

(एजेंसी) हैदराबाद । भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने हैदराबाद स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र से तेलंगाना विधान परिषद चुनाव में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को समर्थन देने का फैसला किया। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मित्र दल के उम्मीदवार को वापस लेने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय से एक बयान में कहा, एआईएमआईएम पार्टी से एमएलसी सीट आवंटित करने और आगामी हैदराबाद स्थानीय निकाय चुनावों में उनका समर्थन करने के अनुरोध पर विचार करते हुए, बीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री श्री के. चंद्रशेखर राव ने पिछले चुनावों की तरह एआईएमआईएम का समर्थन करने का फैसला किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से परामर्श करने के बाद, मुख्यमंत्री केसीआर ने सहयोगी एआईएमआईएम को एमएलसी सीट आवंटित करने और हैदराबाद स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनावों में एमआईएम उम्मीदवार को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया। एमएलसी सीट के लिए चुनाव अगले महीने होना है।

# आज पेश होगा यूपी का सबसे बड़ा बजट

## योगी सरकार की 2024 को साधने की कोशिश, कुंभ का फंड बढ़ेगा

(संवाददाता)



लखनऊ । योगी सरकार आज यूपी का बजट पेश करेगी। इसे यूपी के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट बताया जा रहा है। करीब 7 लाख करोड़ के बजट में सरकार की कोशिश हर वर्ग को खुश करने की है। वजह है कि आगामी निकाय चुनाव और फिर 2024 में लोकसभा चुनाव।

किसान, युवा और उद्योग पर बजट पर सरकार बड़े ऐलान कर सकती है। पश्चिम यूपी में लगातार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए गन्ना किसानों के लिए बजट में फोकस रहने की पूरी उम्मीद है। इसके अलावा एमएसएमईसेक्टर, पर्यटन के विकास पर फोकस रहेगा। एक्सप्रेस-वे और मेट्रो सेवा निर्माण को लेकर अलग से बजट जारी किया जा सकता है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के उद्यमियों के लिए बजट में खास व्यवस्था की गई है। पश्चिमी यूपी के किसान लगातार धरने पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि योगी सरकार ने गन्ना किसानों के लिए समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया। इसलिए माना जा रहा है कि बजट में किसानों के लेकर सरकार बड़ा ऐलान कर सकती है। इसके अलावा किसानों के उपकरण पर सब्सिडी भी बढ़ाई जा सकती है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सबसे ज्यादा एमएसएमईसेक्टर में एमओयू साइन हुए हैं। प्रदेश सरकार बजट में एमएसएमईसेक्टर को लेकर बड़े ऐलान कर सकती है। उद्यमियों को जमीनों में जो छूट और बिजली और अन्य संसाधनों की जो व्यवस्था की जानी है, उन पर बजट में बड़ी घोषणा हो सकती है। विपक्ष भी लगातार ग्लोबल समिट को लेकर सरकार को घेर रहा है। ऐसे में सरकार इसे बढ़ाव देगी। 2024 चुनाव से पहले योगी सरकार युवाओं पर फोकस करते हुए लैपटॉप बांटने को लेकर बड़ा बजट घोषित कर सकती है। माना जा रहा है कि हाई स्कूल से लेकर स्नातक तक के छात्रों को लैपटॉप और टैबलेट दिए जाने का बजट में ऐलान किया जाएगा। इससे पहले पेश किए गए बजट में मामूली बजट लैपटॉप और टैबलेट पर राशि घोषित की गई थी। एमएसएमई सेक्टर के अलावा वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट के तहत जिलों में महिलाओं को रोजगार दिए जाने को लेकर बजट में प्रावधान किया जा सकता है। महिलाओं को कुटीर उद्योग से जोड़ने के लिए बड़ी घोषणा हो सकती है। इस बार बजट में महिलाओं को लेकर अलग से धनराशि सरकार जारी कर सकती है। यूपी के धार्मिक नगरी कहे जाने वाले अयोध्या, वाराणसी, मथुरा समेत विभिन्न जिलों के पर्यटन स्थलों को बेहतर किए जाने पर सरकार फोकस कर रही है।

यूपी के हर एक जिले के पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों को विकसित किए जाने पर भी सरकार इस बार के बजट में ऐलान कर सकती है। माना यह भी जा रहा है कि सरकार बजट में काशी, अयोध्या, मथुरा के अलावा अन्य वैसे छोटे धार्मिक स्थानों को व्यवस्थित करने के लिए धनराशि जारी कर सकती है।

## अमित शाह ने देशवासियों को दी नसीहत, जब कोई अपनी मातृभाषा को समृद्ध करता है तो देश की सभी भाषाएं समृद्ध होंगी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह अपनी मातृभाषा से जुड़ उसे और अधिक समृद्ध करने के संकल्प का दिन है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई अपनी मातृभाषा को समृद्ध करता है, तो देश की सभी भाषाएं समृद्ध होंगी और देश भी समृद्ध होगा। शाह ने एक ट्वीट में 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन अपनी मातृभाषा से जुड़ उसे और अधिक समृद्ध करने के संकल्प का दिन है। जब व्यक्ति अपनी मातृभाषा को समृद्ध करेगा, तभी देश की सभी भाषाएं समृद्ध होंगी और देश भी समृद्ध होगा। अपनी मातृभाषा के अधिकतम उपयोग करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जब कोई बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ता, बोलता और सोचता है, तो इससे उसकी सोचने की क्षमता, तर्क शक्ति, विश्लेषण और शोध की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने 'नई शिक्षा नीति' के माध्यम से मातृभाषा में शिक्षा पर जोर दिया है। यही भारत के स्वर्णिम कल का आधार बनेगा। 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' 21 फरवरी को मनाया जाता है। सत्रह नवंबर, 1999 को यूनेस्को ने इसे स्वीकृति दी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले।

# यूपीआई भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली, जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगी : मोदी

❑ भारत की भुगतान सेवा यूपीआई और सिंगापुर की 'पे नाउ प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत दोनों देशों के संबंधों के लिए एक नया मील का पत्थर है

(एजेंसी)



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बताया और कहा कि यह जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगी। मोदी ने सिंगापुर के अपने समकक्ष ली सियन लूंग की मौजूदगी में 'यूपीआई और सिंगापुर की 'पे नाऊ प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत के मौके पर कहा कि भारत की भुगतान सेवा यूपीआई और सिंगापुर की 'पे नाउ प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत दोनों देशों के संबंधों के लिए एक नया मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में यूपीआई के जरिए 12,6,000 अरब रूपये से अधिक के 74 अरब लेनदेन हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीआई अब अन्य देशों में भी अपने कदम बढ़ा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक रवि मेनन ने इस सुविधा को शुरू किया। दास ने इस सुविधा के जरिए पहला लेनदेन भी किया। मोदी ने कहा, 'कई विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत का डिजिटल वॉलेट से होने वाला लेनदेन जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच हुई इस शुरुआत ने 'सीमा-पार वित्तीय प्रौद्योगिकी संपर्क (क्रॉस बॉर्डर फिनटेक कनेक्टिविटी) का एक नया अध्याय शुरू किया है। प्रधानंत्री ने कहा कि इस सुविधा से प्रवासी भारतीयों, छात्रों, पेशेवरों और उनके परिवारों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा, 'आज के बाद सिंगापुर और भारत के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार धन का हस्तांतरण कर पाएंगे जैसे वे अपने-अपने देशों में करते हैं। उन्होंने कहा, ''यूपीआई के जरिए इतनी अधिक संख्या में होने वाला लेनदेन यह दिखाता है कि स्वदेशी स्तर पर तैयार यह भुगतान प्रणाली बहुत सुरक्षित है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यूपीआई-पे नाउ संपर्क सुविधा दोनों देशों की त्वरित भुगतान प्रणाली के उपयोगकर्ताओं को अपने-अपने मोबाइल ऐप के जरिए सुविधाजनक, सुरक्षित, त्वरित और किफायती सीमा पार धन हस्तांतरण करने में सक्षम बनाएगा। इसमें बताया गया कि धन को बैंक खातों या ई-वॉलेट के जरिए यूपीआई-आईडी, मोबाइल नंबर या वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके भारत से या भारत में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## जोशीमठ में बदरीनाथ हाईवे पर दरारों के साथ दिखने लगे गड्ढे

(एजेंसी)

जोशीमठ। जोशीमठ में लगभग डेढ़ महीने से लगातार हो रहे भू धंसाव के कारण स्थितियां दिन ब दिन और ज्यादा गंभीर होती जा रही हैं। एक तरफ जहां लोगों के घर तिरछे होते जा रहे हैं, तो दूसरी ओर भू-धंसाव से बदरीनाथ हाईवे भी बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। अचानक रेलवे गेस्ट हाउस के पास हाईवे पर करीब दस फीट गहरा गड्ढा हो गया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर सीमा सड़क संगठन ने मजदूरों की मदद से गड्ढे को भर दिया। गड्ढा इतना गहरा था कि उसे भरने में करीब आधा ट्रक पत्थर, सीमेंट और कंक्रीट लगे। इसके बाद तहसीलदार ने हाईवे का निरीक्षण किया। बता दें कि हाईवे पर इससे पहले मारवाड़ी होटल के पास गड्ढा हो गया था। बीआरओ की कमान अधिकारी मेजर आइना ने बताया कि गड्ढा सूखा था। यहां आधा ट्रक पत्थर का भरान किया गया है। साथ ही सीमेंट और कंक्रीट से सुधारीकरण कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि हाईवे पर जहां-जहां भू-धंसाव हो रहा है, वहां सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। वहीं तहसीलदार रवि शाह ने तहसील टीम के साथ जोशीमठ से मारवाड़ी तक बदरीनाथ हाईवे का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान जगह-जगह पड़ीं दरारों को देखा। तहसीलदार ने सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले हाईवे को चाक-चौबंद करने के लिए कहा। तहसीलदार रवि शाह ने बताया कि हाईवे पर कई जगहों पर भू-धंसाव हो रहा है।

# सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला...

## हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग भंग

(एजेंसी)




शिमला । हिमाचल प्रदेश सरकार ने आज एक बड़ा फैसला लेते हुए हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज दिल्ली रवाना होने से पहले कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने का शिमला में ऐलान किया। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिले में है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जो परीक्षाएं हो चुकी हैं और जिनकी डॉक्यूमेंटेंशन बाकी है उनका सारा कार्य हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग करेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग की जब तक कोई विकल्प या टैस्टिंग एजेंसी नहीं बन जाती तब तक आयोग का सारा कार्य लोक सेवा आयोग के हवाले रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी कर्मचारी चयन आयोग के मामले की जांच चल रही है और पेपर लीक मामले में जो भी कर्मचारी संलिप्त हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग के कर्मचारियों को सरकार ने सरप्लस पूल में डाल दिया है और इन्हें अपनी इच्छा के विभागों में जाने के लिए विकल्प दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन आयोग में पिछले तीन साल से पेपर लीक के मामले हो रहे थे। सरकार द्वारा करवाई गई जांच में जांच एजेंसियों ने चयन आयोग विवाद मामलों में तथ्यों को सही पाया और इसी आधार पर आज सुबह जब फाईनल रिपोर्ट आई तो इसके बाद सरकार ने चयन आयोग को तुरंत भंग करने का फैसला ले लिया।

## ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े धनशोधन के मामले में देशभर में मारे छापे

(एजेंसी) रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को कई स्थानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत झारखंड की राजधानी रांची, जमशेदपुर और दिल्ली सहित लगभग 24 स्थानों पर छापा मारा। धनशोधन का यह मामला सरकारी काम देने के बदले में कथित रूप से दलाली दिए जाने के संबंध में राज्य सतर्कता ब्यूरो की शिकायत से जुड़ा है। सूत्रों का कहना है कि इन आरोपों के संबंध में और सबूत एकत्र करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं।

# गरीबों पर बुलडोजर चलाने वाली सरकार के राज में कौन करेगा निवेश : अखिलेश

## छह बजट देख चुके हैं, क्या मिला किसी को

(संवाददाता) लखनऊ । समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की 'बुलडोजर नीति' पर सवाल उठाते हुए मंगलवार को कहा कि गरीबों पर बुलडोजर चलाने वाली और मीडिया को डराने वाली सरकार की इस कार्यवाही की तस्वीरें पूरी दुनिया के सामने आ रही हैं, ऐसे में कोई निवेशक इस राज्य में निवेश करने के लिये नहीं आयेगा। श्री यादव ने विधानसभा की बैठक में हिस्सा लेने के बाद मीडिया से बातचीत में लखनऊ में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन को लेकर सरकार के दावों का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा सपना दिखा रही है कि 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश जमीन पर उतारा जाएगा। जिस सरकार ने गरीबों पर बुलडोजर चला दिया हो, उसकी तस्वीरें दुनिया में जा रही हैं। आप बीबीसी जैसी संस्था पर छापा मारेंगे और मीडिया को डराएंगे तो क्या उम्मीद करते हैं कि दुनिया के लोग यहां निवेश करने आएंगे ?इन्वेस्टर समिट में निवेशक आये और घूमकर चले गए। सरकार यह नहीं बताएगी कि निवेशकों के ठहरने के लिये जो हजारों करोड़ रुपये खर्च करके टेंट सिटी बनी थी, उसमें कोई नहीं रुका था। पता करिए, कितने निवेशक उनमें रुके थे। सब खाली ही थे।पूर्व मुख्यमंत्री ने कैंसर की वजह से अपना दल एस के विधायक राहुल प्रकाश कोल के निधन का जिक्र करते हुए कहा, आज कैंसर की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, मगर आप कैंसर इंस्टिट्यूट नहीं बनाएंगे, आप अस्पताल नहीं बनाएंगे। आप सरकार के लोग हैं, खुद अपना मंदिर बनाना चाहते हैं। विधानसभा में बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किए जाने की सरकार की तैयारियों के बारे में सवाल पर सपा अध्यक्ष ने कहा, अब तक इस सरकार के छह बजट आ चुके हैं। क्या मिला किसी को ? छह बजट में किसी को कुछ नहीं मिला और किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। डीजल पेट्रोल की कीमत बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि सिर्फ इन्हीं दो चीजों के दाम बढ़े हैं बल्कि सब्जियां महंगी हो गईं, खाने-पीने का सामान महंगा है। हर विभाग में महंगाई बढ़ेगी।

# अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान : मुर्मू

(एजेंसी)



ईटानगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान है। श्रीमती मुर्मू पूर्वोत्तर राज्य के अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा, अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बहस की गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। साथ ही हमें विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारत की एक्ट-पूर्व नीति में एक प्रमुख हितधारक भी है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र लंबे समय तक सड़क, रेल और हवाई संपर्क के अभाव में आर्थिक विकास के लाभों से वंचित रहा, लेकिन केंद्र की मौजूदा सरकार ने पूर्वोत्तर में सम्पर्क और विकास पर ध्यान केन्द्रित किया है।उन्होंने कहा कि आज यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि अरुणाचल प्रदेश में विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे समर्थन में स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि अरुणाचल प्रदेश में विकास का सूरज चमक रहा है और समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधनों के साथ, राज्य में एक आकर्षक निवेश गंतव्य और व्यापार और व्यवसाय का केंद्र बनने की पूरी क्षमता है। राष्ट्रपति ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत ई-विधान, कागज रहित डिजिटल यात्रा को लागू करने के लिए अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2022 को ई-गवर्नेंस का वर्ष घोषित किया है और कई ई-गवर्नेंस परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये परियोजनाएं न केवल प्रशासनिक सुधारों में मदद करेंगी बल्कि आम नागरिक के जीवन को आसान बनाने में भी योगदान देंगी। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए हर कार्यक्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा सहित सभी राज्य विधानसभाओं के साथ-साथ लोगों के प्रतिनिधित्व वाले अन्य संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने अपने दो दिवसीय दौरे में सोमवार को राज्य के 37वें स्थापना दिवस समारोह और अरुणाचल सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लिया।

## दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज चिनाब पर पटरी बिछाने का काम शुरू

(एजेंसी) नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब रेलवे पुल पर पटरी बिछाने का काम मंगलवार को शुरू हो गया। यह पुल नदी तल से 359 मीटर ऊपर स्थित है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस पुल की लंबाई 1.3 किलोमीटर है जो पेरिस स्थित प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर की दूरी में एक महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करता है और यह 21,653 करोड़ रुपये की लागत वाली उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना हिस्सा है। रेल मंत्रालय ने ट्वीट में कहा, यूएसबीआरएल परियोजना में एक और मील का पत्थर! चिनाब पुल पर पटरी बिछाने का काम शुरू। एक बार पूरा हो जाने पर, यह पुल जम्मू और कश्मीर के दूरदराज के क्षेत्रों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा। अधिकारियों ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य 2004 में शुरू हुआ था, लेकिन क्षेत्र में लगातार तेज हवाओं को देखते हुए रेल यात्रियों की सुरक्षा के पहलू पर विचार करने के लिए 2008-09 में इसे स्थगित कर दिया गया था।

## संपादकीय

### ऊंची उड़ान

एयर इंडिया द्वारा फ्रांस व अमेरिका से चार सौ सत्तर विमानों की खरीद का समझौता विमानन क्षेत्र में भारत की बढ़ती दखल का परिचायक ही है। ऐसे समय में जब दुनिया की अर्थव्यवस्था कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते हिचकोले खा रही है, भारत का इतना बड़ा समझौता हमारी बढ़ती आर्थिक ताकत को दर्शाता है। जहां यह समझौता एक ओर रोजगार बढ़ाने में सहायक होगा, वहीं अमेरिका तथा फ्रांस-ब्रिटेन के साथ संबंधों को नई ऊष्मा देगा। टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया ने अमेरिका की बोइंग कंपनी से दो सौ बीस तथा फ्रांस की कंपनी एयरबस से ढाई सौ विमान खरीदने का करार किया है। इस समझौते को विमानन क्षेत्र का सबसे बड़ा खरीद का समझौता बताया जा रहा है। समझौते से ब्रिटेन भी खासा खुश है। इसकी वजह यह है कि फ्रांस की कंपनी एयरबस के विमानों में लगने वाला इंजन ब्रिटिश कंपनी रॉल्स रॉयस द्वारा तैयार किया जायेगा। जो ब्रिटेन में भी रोजगार वृद्धि का वाहक बनेगा। तभी ब्रिटेन ने भी समझौते का स्वागत किया है। हालांकि, विमानों के भारत पहुंचने में दो साल तक का समय लग सकता है लेकिन इसकी शुरुआत इस साल के अंत तक हो जायेगी। बहरहाल, समझौता टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया में नये प्राण संचरण के बाद इसे नई ऊंचाई तक ले जाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। निस्संदेह हवाई सेवाओं में विस्तार के चलते देश में भी बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय विमानन बाजार में मध्यपूर्व की विमानन कंपनियों के दबदबे को खत्म करने में भी मदद मिलेगी। विमानन विशेषज्ञ उम्मीद जता रहे हैं कि भारत इस खरीद के बाद दुनिया के विमानन क्षेत्र में तीसरा बड़ा बाजार बन जायेगा। हाल के दिनों में देश में तेजी से हवाई अड्डों और आधारभूत संरचना का विस्तार किया जा रहा है। इससे विमानन क्षेत्र में नये रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। निस्संदेह, इस समझौते के बाद भारत के अमेरिका व फ्रांस-ब्रिटेन से रिश्तों में नई रवानी आएगी। खासकर ऐसे वक्त में जब रूस-यूक्रेन युद्ध में पुराने मित्र रूस के खिलाफ भारत के मुखर न होने तथा कच्चा तेल खरीदने के कारण अमेरिका व यूरोपीय देशों की भृकुटियां तनी हुई थीं। निस्संदेह समझौते का दायरा बड़ा व्यापक है। यह इस बात से पता चलता है कि बोइंग से समझौते के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद बाइडन का कहना था कि इससे अमेरिका में दस लाख नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। साथ ही दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की बात भी कही गई। ऐसी ही खुशी ब्रिटेन में भी समझौते के चलते पैदा होने वाले रोजगार के अवसरों को लेकर है। निस्संदेह, भारत आज इस स्थिति में पहुंच गया कि वह दुनिया की महाशक्तियों की अर्थव्यवस्था में ऊर्जा के संचार का वाहक बन रहा है। वह भी तब जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच हमारे कई पड़ोसियों समेत दुनिया के तमाम देशों की माली हालत खस्ता है। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक नजरिये से भी यह समझौता भारत की मजबूत होती स्थिति को दर्शाता है। उड्डयन कूटनीति के जरिये भारत ने महाशक्ति अमेरिका, यूरोपीय ताकत फ्रांस व ब्रिटेन के साथ बेहतर रिश्तों का मार्ग प्रशस्त किया है। यही वजह है कि जहां एक ओर जो बाइडन ने समझौते को ऐतिहासिक बताया, वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति ने इसे दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने वाला बताया। जो दुनिया के राजनय के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद को ही दर्शाता है। दो ध्रुवों में बंटी दुनिया के बीच अपनी संप्रभुता की रक्षा करते हुए कूटनीतिक संतुलन बनाना मोदी सरकार के कौशल की बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। निस्संदेह, इस बड़े समझौते से ग्लोबल बाजार में भारत की छवि मजबूत होगी तथा विदेशी निवेशकों का विश्वास भारतीय बाजार में बढ़ेगा। वैसे भी नागरिक उड्डयन मोदी सरकार के एजेंडे में शीर्ष पर रहा है। तेजी से हवाई अड्डों की संख्या में वृद्धि इसका प्रमाण है।


### बीबीसी पर कार्रवाई और लोकतंत्र की नींव

बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों में आयकर विभाग के सर्वे का काम गुरुवार 16 फरवरी को इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जारी है। बीबीसी दफ्तरों पर 14 फरवरी को सर्वे का काम शुरू हुआ था और लगभग 48 घंटे के बाद भी शायद अधिकारियों के हाथ ऐसा कोई सबूत नहीं लगा, जिसके आधार पर बीबीसी पर कोई गंभीर आरोप लगाया जा सके। सर्वे में बीबीसी दफ्तर की न केवल तलाशी ली गई बल्कि तमाम बीबीसी पत्रकारों के फोन कई घंटे तक जब्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि यह सर्वे अंतरराष्ट्रीय टैक्सेशन और बीबीसी सहायक कंपनियों के ट्रांसफर प्राइस निर्धारण से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए किया जा रहा है। आयकर अधिकारी वित्तीय लेन-देन, कंपनी संरचना और समाचार कंपनी के बारे में अन्य विवरणों पर जवाब मांग रहे हैं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की नकल कर रहे हैं। ध्यान देने की बात ये है कि बीबीसी कोई औद्योगिक उपक्रम नहीं है, न ही गैर-सरकारी समाजसेवी संगठन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता मिलती है। बीबीसी एक मीडिया संस्थान है, जहां कई सूत्रों से खबरें एकत्र की जाती हैं। इन सूत्रों में कई गोपनीय होते हैं। लेकिन इस सर्वे से उन सूत्रों के उजागर होने की आशंका है, जो स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए खतरा है। आयकर विभाग सर्वे, पूछताछ, जांच-पड़ताल जैसे सारे तकनीकी शब्द अपनी कार्रवाई के लिए इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसकी यह अचानक कार्रवाई एक प्रतिष्ठित, अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान पर छापेमारी की तरह ही देखी जा रही है। और केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में इस के चर्चे हो रहे हैं। देश में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने बीबीसी कार्यालयों में आयकर अधिकारियों के सर्वे पर सवाल उठाए कि यह सब नरेंद्र मोदी पर डॉक्यूमेंट्री इंडिया द मोदी क्वेश्चन प्रसारित होने के बाद ही क्यों हुआ। सरकार चाहे तो इसे मासूमियत के साथ संयोग बता दे, चाहे इसे विपक्ष के आधारहीन आरोप कहे, चाहे सवाल उठाए कि बीबीसी पर कार्रवाई से उसे तकलीफ क्यों हो रही है और चाहे तो अपनी मर्जी का हवाला देते हुए कुछ भी न कहे। आखिर पहले भी कई गंभीर सवालों के जवाब देना सरकार ने जरूरी नहीं समझा। लोकतंत्र में मौन की ताकत को एक नए अंदाज में सरकार दिखा रही है। सरकार चाहे जिस रास्ते पर चले, लेकिन दुनिया के जिन देशों में लोकतंत्र अभी सांसें ले रहा है और जहां मीडिया आजादी महसूस कर सकता है, उन देशों के मीडिया मंचों पर इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। और लगभग सभी मीडिया प्रतिष्ठानों ने आयकर विभाग के सर्वे को बीबीसी की डाक्यूमेंट्री विवाद से जोड़ा जा रहा है। वैसे सरकार ने इस डाक्यूमेंट्री के भारत में प्रदर्शन पर पहले ही रोक के आदेश दे दिए हैं। एक याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में दी गई थी, जिसमें बीबीसी पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इस याचिका को स्फूरी तरह से गलतश् बताते हुए खारिज कर दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डॉक्यूमेंट्री के लिंक को ब्लॉक करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अप्रैल में सुनवाई होनी है और इस पर क्या फैसला होता है, ये देखना दिलचस्प होगा। बीबीसी पर आयकर की कार्रवाई के प्रकरण से विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति पर क्या फर्क पड़ेगा, ये भी गौरतलब रहेगा। वैसे पिछले साल 2022 में जो रैंकिंग आई थी, उसमें भारत 180 देशों में 142वें में से आठ पायदान गिरकर 150वें स्थान पर आ गया था। भारत 2016 के सूचकांक में 133वें स्थान पर था इसके बाद से उसकी रैंकिंग में लगातार गिरावट आ रही है। रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर इस सूचकांक को तैयार करता है और इसमें प्रत्येक देश या क्षेत्र के स्कोर का मूल्यांकन पांच प्रासंगिक संकेतकों का उपयोग करके किया जाता है, जिनमें राजनीतिक संदर्भ, कानूनी ढांचा, आर्थिक संदर्भ, सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ और सुरक्षा शामिल हैं। इन मानदंडों के आधार पर पिछले साल की रिपोर्ट में कहा गया है कि रैंकिंग में गिरावट के पीछे का कारण पत्रकारों के खिलाफ हिंसा और राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण मीडिया में वृद्धि होना है।

# बौद्धिक पलायन भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट प्रभावी नियंत्रण आवश्यक

**संजीव ठाकुर**

> जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की तादाद लगभग सवा दो लाख के करीबी है।




विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफआकर्षण ही होता हैस इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता हैस इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति हैस भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

# धरती पर महाविनाश का खतरा

**आदित्य नारायण**





हाल ही के वर्षों में दुनिया एक के बाद एक त्रासदियां झेल रही है। कहीं भूकम्प तो कहीं बाढ़ तो कहीं सुनामी। 2011 में उभरी जापान में आई सुनामी से हुई जानमाल की क्षति को आज तक कोई भुला नहीं पाया। हाल ही में तुर्किए, सीरिया में आए भूकम्प से मरने वालों का आंकड़ा अब 50 हजार को छूने जा रहा है। ईरान में हुई भयंकर तबाही को देख हर कोई सिहर उठता है। बार-बार आ रहे तूफान हमें डरा रहे हैं। धरती का तापमान बढ़ने से जलवायु परिवर्तन के खतरों से दुनिया अघ्नभिज्ञ नहीं है लेकिन मानव सतर्क नहीं हो रहा। बढ़ते वैश्विक तापमान के साथ बर्फ पिघलने और इससे बढ़ते समुद्र का स्तर दुनिया के लिए बड़ा संकट है। विश्व मौसम संगठन ने (डब्ल्यूएमओ) ने बहुत खतरनाक रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका असर छोटे द्वीप देशों में ही नहीं, घनी आबादी वाले तटीय शहरों में रहने वाले 90 करोड़ लोगों की जिन्दगी पर पड़ेगा। इसका अर्थ यही है कि धरती पर रह रहे हर दस में से एक शख्स बड़ी मुश्किल में आ जाएगा। इसमें भारत, बंगलादेश, चीन और नीदरलैंड जैसे देशों के लोग शामिल होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुम्बई, ढाका, शंघाई, लंदन और न्यूयार्क समेत दुनिया के कई शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया के पांवों तले की जमीन खिसक रही है परन्तु मानव बेपरवाह है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर ग्लोबल वामिग डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहती है तो अगले दो हजार वर्षों में समुद्र का जल स्तर 2 से तीन मीटर बढ़ जाएगा। अगर ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने में हम सफल भी हो जाते हैं तो समुद्र 6 मीटर तक उठ जाएगा और अगर ग्लोबल घ्वार्मिंग 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई तो दो हजार सालों तक समुद्र 1922 मीटर तक उठ जाएगा। दुनिया पर कयामत ढाने वाली हॉलीवुड की फिल्में तो आप ने देखी होंगी कि किस तरह शहर जल समाधि ले लेते हैं, लाशों के ढेर लगे होते हैं और वाहन खिलौनों की तरह पानी में तैर रहे होते हैं। इंसान तो यही सोचता है कि 2000 वर्ष में अगर जलस्तर 2 या 3 मीटर बढ़ भी गया तो कौन सी कयामत आ जाएगी। इंसान का सोचना गलत है क्योंकि समुद्र के जलस्तर में एक इंच की बढ़ौतरी भी बहुत खतरनाक है। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से केवल तटीय शहर ही नहीं डूबते बल्कि समुद्र की लवणता और उसके जलीय जीवन पर बड़ा विकराल प्रभाव पड़ता है। यह दुनिया की अर्थव्यवस्था, आजीविका, सेहत के जोखिम को बढ़ाएगा ही बल्कि इससे खाद्यान्न संकट भी पैदा हो जाएगा। कौन नहीं जानता कि ग्लेशियर पिघल रहे हैं और रेगिस्तान परसते जा रहे हैं। कहीं असामान्य बारिश तो कहीं गर्मियों में ओले पड़ जाते हैं। जलवायु परिवर्तन के पीछे ग्रीन हाउस गैसों की मुख्य भूमिका है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसके पीछे तेजी से हुआ औद्योगिकरण है। जंगल काट-काट कर कंक्रीट के शहर बसा दिए गए हैं। दुनिया भर में वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और पैट्रोलियम पदार्थों के धुएं से प्रदूषण बढ़ रहा है। फ्रिज, एयर कंडीशनर और अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरण वातावरण को विषाक्त बना रहे हैं। अब सवाल यह है कि धरती का तापमान कम करने के लिए इंसान क्या करे। वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए मुख्य रूप से सीएफसी गैसों का ऊत्सर्जन कम करना होगा और इसके लिए फ्रिज, एयर कंडीशनर और दूसरे कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसी मशीनों का उपयोग करना होगा जिनसे सीएफसी गैसें कम निकलती हैं। औद्योगिक इकाइयों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं हानिकारक है और इनसे निकलने वाली कार्बन डाईऑक्साइड गर्मी बढ़ाती है। इन इकाइयों में प्रदूषण रोकने के उपाय करने होंगे। वाहनों में से निकलने वाले धुएं का प्रभाव कम करने के लिए पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। उद्योगों और खासकर रासायनिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे को फिर से उपयोग में लाने लायक बनाने की कोशिश करनी होगी और प्राथमिकता के आधार पर पेड़ों की कटाई रोकनी होगी तथा जंगलों के संरक्षण पर बल देना होगा। अक्षय ऊर्जा के उपायों पर ध्यान देना होगा यानी अगर कोयले से बनने वाली बिजली के बदले पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली पर ध्यान दिया जाए तो आबोहवा को गर्म करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। याद रहे कि जो कुछ हो रहा है या हो चुका है वैज्ञानिकों के अनुसार उसके लिए मानवीय गतिविधियां ही दोषी हैं। मनुष्य ने अगर प्रकृति के संग जीना नहीं सीखा तो उसे भयंकर परिणाम झेलने पड़ेंगे। अगर वह अब भी नहीं चेता तो एक न एक दिन प्रकृति उसे निगल लेगी। धरती पर महाविनाश का खतरा मंडरा रहा है। इसे रोकने के लिए दुनिया को कदम उठाने होंगे।

# एस. अब्दुल नजीर को राज्यपाल पद दिये जाने से कुछ गंभीर सवाल तो उठे हैं

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यदि जजों ने अदालत में बिल्कुल ठीक-ठाक फैसला दिया है, यदि उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक संपादकीय लिखे हैं और यदि किसी नौकरशाह ने निष्ठापूर्वक अपना कर्तव्य--कर्म किया है तो भी ये सरकारी पुरस्कार पाने वालों की ईमानदारी पर लोगों को शक होने लगता है। सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवा-निवृत्त जज एस. अब्दुल नजीर को सरकार ने आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त कर दिया है। इस नियुक्ति पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। उसका कहना है कि जजों को फुसलाने का यह सबसे अच्छा तरीका है। पहले उनसे अपने पक्ष में फैसला करवाओ और फिर पुरस्कार स्वरूप उन्हें राज्यपाल, राजदूत या राज्यसभा का सदस्य बनवा दो। जो विपक्ष मोदी पर यह आरोप लगा रहा है, क्या उसने अपने पिछले कारनामों पर नजर डाली है? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के जमाने के कई राज्यपालों, राजदूतों और सांसदों से मेरा परिचय रहा है, जो पहले या तो जज या नौकरशाह या संपादक रहे हैं। उन्होंने जज या संपादक या नौकरशाह के तौर पर सरकार को उपकृत किया है तो सरकार ने उन्हें उक्त पद देकर पुरस्कृत किया है। वे लोग समझते रहे हैं कि वह पुरस्कार पाकर वे सम्मानित हुए हैं लेकिन उनके अपमान का इससे बड़ा प्रमाण-पत्र क्या हो सकता है? यदि उन्होंने अदालत में बिल्कुल ठीक-ठाक फैसला दिया है, यदि उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक संपादकीय लिखे हैं और यदि किसी नौकरशाह ने निष्ठापूर्वक अपना कर्तव्य--कर्म किया है तो भी ये सरकारी पुरस्कार पाने वालों की ईमानदारी पर लोगों को शक होने लगता है। यह शक तब और भी तगड़ा हो जाता है, यदि वह पुरस्कार तुरंत मिला हो। ऐसे



पुरस्कारों और सम्मानों से संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा भंग होती है, क्योंकि, न्यायपालिका और कार्यपालिका को अपनी लक्ष्मण-रेखाओं में ही रहना चाहिए और खबरपालिका को तो अपने प्रति और भी ज्यादा सख्ती बरतना चाहिए। यदि संपादक और पत्रकार इन पदों और सम्मानों के लिए लार टपकाते रहे तो वे पत्रकारिता क्या खाक करेंगे? मेरे कई पत्रकार मित्र विभिन्न सरकारों में मंत्री, राजदूत, और प्रधानमंत्रियों के सरकारी सलाहकार भी बने। उनमें से कइयों ने सराहनीय कार्य भी किए लेकिन इस तरह के कई सरकारी पद विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा पिछले 60-65 साल में मुझे कई बार प्रस्तावित किए गए लेकिन मेरा दिल कभी नहीं माना कि मैं हाँ कर दूं। इसका अर्थ यह नहीं है कि संपादकों, जजों और नौकरशाहों की प्रतिभा से सरकारें लाभ न उठाएं। जरूर उठाएं लेकिन उनके सेवा-निवृत्त होते ही उन्हें यदि नियुक्तियां मिलती हैं तो उससे यह साबित होता है कि सरकार उनकी प्रतिभा का लाभ उठाने की बजाय उन्होंने सरकार की जो खुशामद की है, वह उसका लाभ उन्हें दे रही है। इससे दाता और पाता, दोनों की प्रतिष्ठा पर आंच आती है। तो होना क्या चाहिए? होना यह चाहिए कि अपने पद से सेवा-निवृत्त होने के बाद पांच साल तक किसी भी जज, पत्रकार और नौकरशाह को कोई सरकारी पद या पार्टी-पद नहीं दिया जाना चाहिए। नौकरशाहों पर पहले दो साल की पाबंदी थी लेकिन उसे घटाकर अब एक साल कर दिया गया है। वर्तमान में कितने ही नौकरशाह मंत्री और राज्यपाल बने हुए हैं? यह हमारी पार्टियों और सरकारों के बौद्धिक दिवालिएपन का भी सूचक है।

# मोदी और भागवत मुस्लिमों को अपने साथ जोड़ रहे हैं तो कुछ लोगों को दिक्कत क्यों हो रही है

**ललित गर्ग**

मोदी की ही तरह संघ प्रमुख मोहन भागवत भी जोड़ने की बात कर रहे हैं, दोनों ही नायक नया भारत निर्मित करने को तत्पर हैं। दोनों के विचारों में सशक्त भारत एवं स्वदेशी की भावना को बल देने पर जोर है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। वे समय-समय पर इस जरूरत को रेखांकित करते हैं और इसी के मुताबिक योजनाएं तैयार करने का प्रयास भी करते रहे हैं। अभी मुंबई में दाऊदी बोहरा समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जिस तरह उन्होंने इस समुदाय के साथ अपने दशकों पुराने संबंध का उल्लेख किया, उससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ कि वे मुस्लिम समुदाय से भी उतना ही जुड़ाव महसूस करते हैं, जितना दूसरे समुदायों से। वे बार-बार रेखांकित कर चुके हैं कि देश का सर्वांगीण विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक मुस्लिम समुदाय को भी साथ लेकर न चला जाए। पिछले कुछ वक्त से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत भी मुस्लिम बुद्धिजीवियों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। वह इमामों से मिलने मस्जिद भी गए और मदरसे जाकर बच्चों से मुलाकात की। संघ इसे सामान्य संवाद बता रहा है। मगर, यह साफहै कि संघ मुस्लिमों से संवाद बढ़ा रहा है। केंद्र में सत्ताधारी पार्टी भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ही राजनीतिक इकाई है। निश्चित ही सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द ही एक आदर्श राष्ट्र की प्रमुख अपेक्षा है, इसी तरह कल्याणकारी सरकार का पहला गुण यही है कि वह सभी समुदायों को साथ लेकर चले और सबके लिए समान विकास की योजनाएं बनाए। क्या मोदी का मुसलमानों से नजदीकी बढ़ाने एवं उनके विकास की योजनाओं की बात करना राजनीति स्वार्थ है, या वे एक आदर्श राष्ट्रनायक के रूप में सचमुच मुसलमानों का विकास चाहते हैं। यह बड़ा सच है कि देश में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत से सरकार बनानी हो तो मुस्लिम वोट इस मामले में निर्णायक साबित होते हैं। इसी के चलते भाजपा ने भी केंद्र में अपनी सरकार की रचना के लिए पिछले कुछ वर्षों से मुस्लिमों की तरफध्यान केंद्रित किया है। इसी की तहत भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं से जुड़े तीन तलाक को बैन करके उन्हें अपने से जोड़ा था।

दाऊदी बोहरा समुदाय के आयोजनों में भाग लेना क्या यह सब मुस्लिमों की सहानुभूति प्राप्त करने के प्रयास थे? मोदी इस प्रयास में कहां तक सफल हो पाए। मोदी ने हाल ही में दिल्ली में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में कहा था 'मुस्लिम समुदाय के बोहरा, पसमांदा और पढ़े-लिखे लोगों तक हमें सरकार की नीतियां लेकर जानी हैं। हमें समाज के सभी अंगों से जुड़ना है और उन्हें अपने साथ जोड़ना है।' इससे पूर्व 3 जुलाई 2022 को हैदराबाद में आयोजित भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भी प्रधानमंत्री मोदी ने पसमांदा मुस्लिमों के लिए स्नेह यात्रा की घोषणा की थी। इस यात्रा का मकसद पसमांदा मुस्लिमों के घर-घर पहुंच कर भाजपा से जोड़ने की पहल करना था। श्पसमांदा' शब्द फारसी भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है- समाज में पीछे छूट गए लोग। भारत में पिछड़े और दलित मुस्लिमों को पसमांदा कहा जाता है। इन पसमांदा मुस्लिमों को विकास की राह पर अग्रसर करने की सोच निश्चित ही नये भारत की आधारभित्ति बन सकती है। मोदी की ही तरह संघ प्रमुख मोहन भागवत भी जोड़ने की बात कर रहे हैं, दोनों ही नायक नया भारत निर्मित करने को तत्पर हैं। दोनों के विचारों में सशक्त भारत एवं स्वदेशी की भावना को बल देने पर जोर है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इसकी तैयारियों में भाजपा जुट गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसके लिए प्राथमिक रणनीति भी बना ली गई। अभी तक यही तथ्य है कि मुसलमान मतदाता भाजपा से दूरी बनाए रखते हैं। कई जगहों पर इसका नुकसान भी भाजपा को उठाना पड़ता है।

इस दृष्टि से कुछ लोग कह सकते हैं कि चुनाव नजदीक आता देख प्रधानमंत्री मुसलमानों को अपने पाले में करने के लिए ऐसा कह रहे हैं और उनके कार्यक्रमों में भी शिरकत कर रहे हैं? भले राजनीतिक लाभ के लिये ही मोदी ऐसा कर रहे हों, लेकिन इससे सदियों से हिन्दू-मुसलमानों के बीच बनी नफरत, द्वेष, घृणा, साम्प्रदायिक कट्टरता एवं हिंसा कम होती है तो यह राष्ट्र की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

संभवत: आजादी के बाद से ही तमाम राजनीतिक दल हिन्दू-मुसलमान के बीच दूरियां बढ़ा कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकते रहे हैं। अब यदि कोई नायक इन दूरियों को वास्तव में कम करते हुए उनके विकास की बात कर रहा है तो इसकी गहराई को समझना चाहिए। संघ के प्रमुख मोहन भागवत कई मौकों पर कह चुके है कि भारत में रहने वाले सभी हिंदू हैं। संघ मुस्लिमों से लगातार कहता रहा है कि उनके पूर्वज हिंदू थे। संघ प्रमुख ने हिंदू समुदाय की मानसिकता को तैयार करने के लिए ही बयान दिया कि मुस्लिम समुदाय और हमारा डीएनए एक है। साथ ही यह भी कि हर मस्जिद में शिवलिंग नहीं ढूंढ़ना चाहिए। निश्चित ही इन बयानों के माध्यम से सौहार्द पनपाने की कोशिशें हो रही हैं। यह तय है कि औद्योगिक उत्पादन में मुस्लिम समुदाय का बड़ा योगदान है, जिसे अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। अनेक ऐसे पेशे हैं, जो इसी समुदाय के बल पर टिके हुए हैं, उन्हें विकास की कड़ी से हटाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री इस हकीकत से वाकिफहैं, पर भाजपा के दूसरे नेता और कार्यकर्ता इसे स्वीकार करें एवं दूरियां मिटाने की कोशिशें हों तभी सशक्त एवं नया भारत बन पायेगा। मुसलमान हो या हिन्दू, उपद्रव, नफरत, हिंसा एवं साम्प्रदायिक विद्वेष की मानसिकता से सबको बाहर आना चाहिए। जहां सहयोग की आवश्यकता रहती है वहां जीवन कृतार्थ होता है। भेद से कुछ बिगड़ता नहीं, बशर्ते कि भेद से लाभ उठाकर सहयोग चलाने की शक्ति और वृत्ति सर्वत्र हो। मोदी और भागवत इसी भेद को ताकत बनाने में जुटे हैं, इसलिये उनके प्रयत्नों का स्वागत होना चाहिए। लेकिन भारत में राजनीतिक दलों ने अंग्रेजों की मानसिकता को बल देते हुए फूट डालो, शासन करो, पर भारत की राजनीति को पनपाया है। इसी से दोनों कोमों के बीच जहां खुदगर्जी, ईर्ष्या, आग्रह, अभिमान, शोषण और तज्जनित संघर्ष आया, वहां सब कुछ बिगड़ने लगा। दुनिया के साथ-साथ भारत में ये सामाजिक एवं साम्प्रदायिक दोष जोरों से बढ़ रहे हैं, इसलिए किसी न किसी कारण को आगे करके लोग लड़ने लगते हैं, एक-दूसरे से नाजायज लाभ उठाना चाहते हैं और जीवन को विषमय बना देते हैं। ऐसे लोग बातचीत में जीवन को भी जीवन-कलह कहते हैं। और कहते हैं, कलह तो जीवन का अनिवार्य कानून है। इस सिद्धांत का प्रचलन इतना बढ़ा कि सज्जन मनीषियों को उसका प्रतिरोध करने के लिए इस आशय के ग्रंथ लिखने पड़े कि जीवन में अगर कलह है तो उससे बढ़कर परस्पर सहयोग भी है, जिसके बिना जीवन का विकास हो ही नहीं सकता।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करेहटा में सघन स्वास्थ्य मेला का आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में सघन स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कर हजारों मरीजो को स्वास्थ्य लाभ दे चुकी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट नर सेवा नारायण सेवा का पर्याय बन चुकी है। इसी कड़ी में करेहटा पानी की टंकी के पास में एक वृहद स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क औषधि वितरण मेले का आयोजन किया जा रहा है। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी ने बताया कि स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ प्रात: दस बजे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कर-कमलों के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश तिवारी एव नीरज सिंह उपस्थित रहेगें। इस स्वास्थ्य मेले में पीजीआई, केजीएमसी व बलरामपुर के विख्यात चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सीय परीक्षण किया जायेगा साथ ही नि:शुल्क औषधि वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही दिव्यांग जनों को नि:शुल्क व्हील चेयर बैसाखी एवं महिलाओं को किट व सैनेटरी पैड्स का वितरण भी किया जायेगा। इस सघन स्वास्थ्य मेले में ह्रदय रोग, बाल रोग विभाग, सर्जरी विभाग, गैस्ट्रो विभाग, हड्डी रोग, स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, त्वचा रोग व कैंसर रोग विभाग के प्रख्यात चिकित्सक नि:शुल्क अपनी सेवायें प्रदान करेगें।

### तीन आईएएस और 14 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार सुबह तीन आईएएस और 14 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार कई जिलों के जिलाधिकारी व कप्तान बदले जा सकते हैं। नौकरशाही में बड़े फेरबदल की संभावना है। गोंडा के सीडीओ पद से हटाए गए गौरव कुमार को एलडीए में ओएसडी बनाया गया है। प्रतीक्षारत अनुज मलिक को अपर आयुक्त और आरएफसी गोरखपुर तथा राज्य संपत्ति विभाग में तैनात सतीश पाल को एसीईओ नोएडा बनाया गया हैं।

### अखिल विद्यार्थी परिषद ने छात्रवृत्ति घोटाले को लेकर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने सौ करोड़ रुपए के छात्रवृत्ति घोटाले में संलिप्त आरोपियों एवं संस्थाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर समाज कल्याण कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर समाज कल्याण निदेशक को ज्ञापन सौंपा। वहीं समाज कल्याण विभाग के निदेशक पवन कुमार ने बाहर आकर ज्ञापन लेकर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस हुई। प्रांत सह मंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने बताया की उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह घोटाला तत्कालीन अधिकारियों की संवेदनहीनता दिखाता है। विद्यार्थी परिषद आरोपियों पर कठोरतम कार्यवाई की मांग करती है। यदि जल्द से जल्द इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई न की गई, तो अखिल विद्यार्थी परिषद बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर प्रांत मीडिया सह संयोजक शिवम सिंह, किशन पांडेय, सूर्यांश, आदर्श यादव, मोहिनी, अनंत राज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लुलु मॉल को 5.75 करोड़ का नोटिस

## लखनऊ में हाउस टैक्स पर नगर निगम हुआ सख्त

संवाददाता

लखनऊ। होटल, मॉल और कॉलेज वालों पर नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। समिट और जी- 20 सम्मेलन के बाद नोटिस का क्रम जारी हो गया है। इसमें कॉलेज, मॉल और होटल वालों को नोटिस दिया जा रहा है। दरअसल, 88 गांव के नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद कॉमर्शियल बिल्डरों को नोटिस दिया जा रहा है। शहर के सबसे बड़े मॉल लुलु को 5.75 करोड़ और सेंट्रम होटल




पर 3.39 करोड़ का गृहकर बकाया नोटिस भेज दिया गया है। इससे पहले करीब 3.28 करोड़ रुपए के बकाए पर इकाना स्टेडियम को नोटिस दिया गया था। नगर निगम के जोनल अधिकारियों को आदेश मिला है कि जो संस्थान टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। एक तरफ मॉल और कॉलेज प्रशासन वाले हाउस टैक्स नहीं जमा कर रहे है। दूसरी तरफ मेदांता अस्पताल की तरफ से पैसा जमा कर दिया गया है। मेदांता की तरफ से करीब 68 लाख रुपए का टैक्स जमा कराया गया है। दूसरी तरफफैजाबाद रोड स्थित तमाम बीटेक और एमबीए के कॉलेज पैसा नहीं दे रहे है। नगर निगम के नोटिस के बाद उनकी तरफ से जवाब दिया गया है कि वह हाउस टैक्स के दायरे में नहीं आते है। एक-एक कॉलेज वाले नगर निगम का 70 से 1 करोड़ रुपए दबाए बैठे है। जबकि सरकारी स्कूल पैसा जमा करते है। बताया जा रहा है कि शासन स्तर के एक सीनियर आईएएस अधिकारी नगर निगम में फोन कर कॉलेज वालों से पैसा जमा कराने के लिए मना करते है। 88 गांव के लोग नगर निगम की सीमा में आ चुके हैं। ऐसे में शहर के बाहर बने कई मॉल, कॉलेज और अस्पताल और बाकी संस्थान नगर निगम की सीमा में आ चुके है। लुलु मॉल और सेंट्रम होटल भी इसी श्रेणी में शामिल हो गए है। करीब ढ़ाई लाख की आबादी नगर निगम सीमा में शामिल होंगे।

### सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने सिलाई मशीन सेंटर का किया शुभारंभ

संवाददाता, लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोहान रोड स्थित ग्राम पंचायत शिवरी में 9वे सिलाई मशीन सेंटर का शुभारंभ विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा किया गया। शिवरी ग्राम पंचायत के 10 स्वयं सहायता समूह की महिलाओ समेत आसपास के महिलाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सिलाई मशीन सेंटर की स्थापना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान ग्राम पंचायत शिवरी में हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्रा मुस्कान शर्मा, मानसी, शालू ,छात्रा अंजू को साइकिल भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

# लोकसभा चुनाव में युवाओं के सहारे उतरेगी बसपा, गांव के लोगों को जोड़ने के लिए चलाएगी अभियान

संवाददाता

लखनऊ। करीब 11 साल से राज्य की सत्ता से दूर बहुजन समाज पार्टी अब आगामी चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के साथ ही प्रदेश भर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए युवाओं के सहारे उतरेगी। पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय व जातीय गणित के साथ युवाओं पर दांव लगाने का विचार कर रही है। इसको लेकर ने पार्टी स्तर पर काम करना भी शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने खुद को युवाओं से जोड़ने के लिए प्रदेश भर के गांवों में युवा जोड़ो अभियान चलाने जा रही है। लंबे समय से राज्य की सत्ता से दूर और लोकसभा में 10 व राज्यसभा में 0 सीट के साथ लगातार अपना जनाधार खोती जा रही बसपा अब लोकसभा




चुनाव से पहले अपनी रणनीति बदलती हुई नजर आ रही है। पिछले लगातार 5 चुनावों में हार का सामना कर रही पार्टी ने अब खुद को लोगों से जोड़ने व खासकर गांव के युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए काम करेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक युवाओं के सहारे वह आगामी 2024 के चुनावों में केंद्र व राज्य की सत्ता पर सत्तारूढ़ बीजेपी को चुनौती देने का विचार कर रही है। इसके लिए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने हर सेक्टर में बैठक कर युवाओं को जोड़ने का आदेश दिया है। अभी तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक बसपा अपने गांव चलो अभियान युवाओं को जोड़ेगी। इसके साथ ही वह बीजेपी को गांवों में टक्कर देने के लिए संगठन में युवाओं की तरजीह देगी। बसपा अपने गांव चलो अभियान से प्रदेश के हर गांवों में सेक्टर बना कर बैठक करने का आदेश दिया है। हर सेक्टर में 10 बूथ कमेटियां बनेंगी, जिसकी कमान 5 युवा संभालेंगे। इन युवाओं में पार्टी सभी जाति व धर्म के लोगों को अपने साथ जोड़ेगी। जिससे वह अपने पुराने टैग से बाहर निकल सकें। 2024 के चुनावों में पार्टी इस बार युवा नेताओं को बड़े स्तर पर मौका देने पर विचार कर रही है। जिससे वह अपने आगामी चुनावों में इसका फायदा उठा सके। पार्टी प्रमुख मायावती भी कई बार सरकार पर निशाना साधने के दौरान बीजेपी सरकार पर युवाओं को धोखा देने का आरोप लगा चुकी है। उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर प्रेस वार्ता के दौरान भी इस बार पर जोर दिया था कि पार्टी अब युवाओं को अपने साथ जोड़कर अपने पूरे दमखम के साथ बीजेपी के खिलाफचुनाव में उतरेगी।

### महिला ने थाने के बाहर पेड़ पर चढ़कर सुसाइड करने की दी धमकी, वीडियो वायरल

संवाददाता

लखनऊ।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून को सख्त बना दिए हैं। बावजूद महिलाओं के साथ अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही ताजा मामला उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सामने आया है, जहां पर एक युवती का अरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंची, लेकिन वहां से उसे डांटकर भगा दिया गया। कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने थाने के बाहर पेड़ पर चढ़कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक मामला राजधानी के थाना काकोरी कटिंगर क्षेत्र का बताया जा रहा है।



पीड़िता का आरोप है कि कई दिनों से थाने का चक्कर लगाकर थक गई, लेकिन पुलिस उसकी एक न सुनी। जिससे आहत होकर पीड़िता ने थाने के बाहर पेड़ पर चढ़ गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। थाना काकोरी पुलिस की तरफ से इस मामले में कोई भी बयान अभी तक जारी नहीं किया गया है। अब बड़ा सवाल है कि योगी सरकार के सख्त आदेश के बावजूद भी पुलिस पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में पीड़ित को न्याय कैसे मिलेगा।

# विधानभवन की विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ करने के अध्यक्ष ने दिये कड़े निर्देष किया निरीक्षण

संवाददाता

लखनऊ। विधान भवन की विद्युत व्यवस्था और सुदृढ़ बने इस के लिये उ0प्र0 पावर कारपोरेषन अध्यक्ष एम0 देवराज ने आज 11 बजे सचिवालय स्थितविद्युतउपकेन्द सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देषित किया कि विधान भवन की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह ट्रिपिंग विहीन तथा सुदृट बनाने के लिये सभी आवष्यक कार्य करें। अध्यक्ष लगभग सुबह 11 बजे विधान भवन के गेटनम्बर 7 पर स्थित पीडब्लूडी के एल0टी0 स्विचिंग रूम में गये जहॉ से विधान भवन उत्तरी एवं दक्षिणी को आपूर्ति दी जाती है। आपूर्ति व्यवधान के समय वैकल्पिक श्रोतों पर स्विच ओवर होता है। वहॉ पर उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। व्यवधान की स्थिति में आपूर्ति चेन्ज ओवरपर कुल समय 3 सेकेन्डसेभी कम लगता है यह उन्हें अवगत कराया गया। तत्पष्चात अध्यक्ष यू0पी0पी0टी0सी0एल0 द्वारा विधान परिषद एवं विधानसभा के मण्डप की आपूर्ति स्थल पर गये। जहॉ पर 11 के0वी0 के पोषकों की आमद सीधे राज भवन उपकेन्द्र से है। वहॉ से वे राजभवन स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र पर पहुॅचे। उपकेन्द्र के मुख्य द्वार के बायी तरफस्थित नगर निगम की भूमि पर गैस आधारित उपकेन्द्र (जीआईएस) के निर्माण के प्रस्ताव के बारे में जमीन उपलब्ध कराने के लिये नगर आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने राजभवन के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देषित किया कि आज ही नगर आयुक्त से मिलकर जमीन की उपलब्धता सुनिष्चित करें तथा उपकेन्द्र के निर्माण हेतु षीध्र टेन्डर की कार्यवाही पूरी करें। अध्यक्ष ने राजभवन के अधिषाषी अभियन्ता से आपूर्ति को और सुदृढ़ बनाने हेतु विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इसके लिये सभी आवष्यक कदम उठाने के लिये निर्देषित किया। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देषित किया कि किसी लाइन में विद्युत व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था से कण्ड्स में चालू हो जाये इसके लिये यथा सम्भव सभी आटोमेटिक तकनीक का प्रयोग सुनिष्चित किया जाये। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही कतई बरदास्त नहीं की जायेगी। एम0 देवराज ने स्टोर डिवीजन के अधिकारियों को षक्ति भवन बुलाकर बैठक भी की जिसमें उन्होंने राजभवन उपकेन्द्र के लिये आवष्यक सामग्री की तत्काल व्यवस्था करने के निर्देष दिये। अध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देषित किया कि विधानभवन की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह अलग फीडर से रहे इसके लिये आवष्यक कार्य भी तुरन्त कर लिये जाये। उन्होंने आपूर्ति चेन्ज ओवर की व्यवस्था को दैनिक रूप स`चेक करने के भी निर्देष दिये।

### बजट सत्र में रोजगार संकट हल करने के लिए बने रूपरेखा : युवा मंच

#### सीएम योगी आदित्यनाथ को युवा मंच ने भेजा पत्र

संवाददाता, लखनऊ। युवा मंच ने बजट सत्र में प्रदेश में रोजगार संकट हल हेतु चर्चा कर रूपरेखा तैयार करने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर की है। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा रिक्त पद हैं लेकिन चयन प्रक्रिया आम तौर पर अरसे से ठप्प है। प्रदेश में आजीविका संकट भी गंभीर है जिसकी वजह से प्रदेश से रोजीरोटी की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन हो रहा है। प्रदेश में श्रमशक्ति भागीदारी दर राष्ट्रीय औसत से भी कम है जो बेकारी के भयावह स्थिति को दर्शाता है। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि हाल के वर्षों में प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग से लेकर हर सेक्टर में गिरावट आई है। बैंकों में आम जनता की जमा पूंजी का महाराष्ट्र, गुजरात जैसे राज्यों में पलायन हो रहा है। हाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दावों को महज प्रोपैगेंडा बताया, कहा कि लोगों को सरकारी प्रचार पर भरोसा नहीं हो पा रहा है क्योंकि इसी तरह फरवरी 2018 में आयोजित इंवेस्टर्स समिट का हश्र देखा जा चुका है।

## महिलाओं, दलितों को अपमान से बचाना धार्मिक मुद्दा नहीं : स्वामी प्रसाद मौर्य

संवाददाता, लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा अपने नेताओं को धार्मिक मुद्दों पर बहस से परहेज करने की हिदायत के बीच सोमवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को अपमान से बचाना, सम्मान दिलाना यह धार्मिक मुद्दा नहीं है। मौर्य ने पिछले महीने 22 जनवरी को एक बयान में 'श्रीराम चरितमानस' की आलोचना करते हुए कहा था कि उसके कुछ अंशों से दलितों, पिछड़ों और महिलाओं की भावनाएं आहत होती हैं, लिहाजा इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिये। उनके इस बयान पर खासा विवाद हुआ था। इसके बाद 16 फरवरी को सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने बयान जारी कर कहा, ''पार्टी अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों तथा प्रवक्ताओं को हिदायत दी है कि वे टीवी चौनलों



पर होने वाली परिचर्चाओं के दौरान साम्प्रदायिक मुद्दों पर बहस से परहेज करें। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धार्मिक मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की लगातार कोशिश कर रही है, लिहाजा सपा नेता टीवी चौनलों पर धर्म से सम्बन्धित बहसों में नहीं उलझें। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन से बाहर आने पर सपा महासचिव एवं विधान परिषद सदस्य मौर्य ने पत्रकारों द्वारा धार्मिक मुद्दों पर बहस न करने के पार्टी के फैसले के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''पहली बात तो यह कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को अपमान से बचाना, सम्म्मान दिलाना यह धार्मिक मुद्दा नहीं है।'रामचरितमानस' पर मौर्य के बयान को सपा द्वारा उनका निजी बयान बताने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''जो बात बहुत पहले बीत गयी, अब उसे फिर से उछालने का कोई मतलब नहीं है।'' हालांकि, 'रामचरितमानस' की चौपाई (ढोल, गंवार, शूद्र, पशु, नारी, ये सब ताड़न के अधिकारी) के भावार्थ को अच्छी तरह समझने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''मैं अच्छी तरह से भावार्थ समझा हूं, चूंकि अवधी में इतनी सरल भाषा में लिखी गयी है कि हम ही नहीं, कक्षा पांच में पढ़ने वाला विद्यार्थी भी उसका अर्थ अच्छी तरह समझता है।'' इसी चौपाई को स्वामी प्रसाद मौर्य देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों का अपमान बता रहे हैं। उन्होंने दोहराया, ''मैं अपने रुख पर कायम हूं और इस चौपाई को रामचरितमानस से निकालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। मौर्य से जब पत्रकारों ने पूछा कि आप महिलाओं की बात करते हैं, लेकिन इसी मुद्दे पर बयानबाजी के चलते आपकी पार्टी की दो महिला नेताओं को सपा से निष्कासित किया गया है, इसके जवाब में उन्होंने कहा, ''अब जो निष्कासित की गयी हैं, उनके विषय में मुझे कुछ नहीं कहना है।'' हालांकि इस फैसले को महिला उत्पीड़न से जोड़े जाने पर उन्होंने तपाक से कहा, ''यह अनुशासनात्मक कार्रवाई में आता है, यह महिला उत्पीड़न नहीं है। बड़बोलेपन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के कई बार प्रयास किये गये, लेकिन लगातार अनुशासन हीनता का परिणाम है उनका निष्कासन। उल्लेखनीय है कि सपा ने पिछले दिनों पार्टी की महिला नेता रोली तिवारी मिश्रा और रिचा सिंह को समाजवादी पार्टी से निष्कासित कर दिया था। दोनों ने 'रामचरितमानस' पर मौर्य की टिप्पणी का विरोध किया था।

## महिला उत्पीड़न निशुल्क समाधान एवं सुझाव हेल्पलाइन महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन : डॉ रूपल अग्रवाल

संवाददाता

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस 2023 के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के समर्थन और उनके खिलाफअपराध को रोकने के लिए महिला उत्पीड़न - निशुल्क समाधान एवं सुझाव हेल्पलाइन 9454407388, 9115000999 का शुभारंभ ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में किया गया, महिला उत्पीड़न - निशुल्क समाधान एवं सुझाव हेल्पलाइन के अंतर्गत ट्रस्ट की आंतरिक सलाहकार समिति की सदस्य व पूर्व पुलिस अधिकारी डॉ सत्या सिंह द्वारा पीड़ित महिलाओं को निशुल्क समाधान एवं सुझाव दिया जाएगा, हेल्पलाइन के बारे में बताते हुए डॉ सत्या सिंह ने कहा कि आज समाज में बढ़ते हुए अपराधों को देखते हुए बच्चों, युवा वर्ग, महिलाओं व बुजुर्गों को मानसिक दबाव व परेशानी से उबरने हेतु काउंसलिंग की जरूरत होती है और अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से आज मैं उस मुकाम पर हूं जहां पर मुझे लगता है कि मैं लोगों की समस्याओं का हल कर सकती हूं, इसलिए मैं हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ मिलकर इस हेल्पलाइन के जरिए समाज के हर वर्ग की मदद करूंगी और उनको उचित सुझाव एवं समाधान देने का प्रयत्न करूंगी, हेल्पलाइन में दिए हुए दो नंबरों 9454407388, 9115000999 पर पीड़ित महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग कभी भी मुझसे संपर्क कर सकते हैं,हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश की आधी आबादी अर्थात महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है व भारत देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रही है लेकिन सफलता की सीढ़ियों को चढ़ते हुए हम महिलाओं को हर कदम पर समाज की दोगली सोच एवं उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, हालांकि वर्तमान में भारत सरकार के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के साथ हो रही हिंसा और उत्पीड़न के केसेज में कमी आई है लेकिन सरकार और कानून के अलावा समाज के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा भी यह कर्तव्य है की समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें,हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट अपने स्थापना वर्ष 2012 से निरंतर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने उनके साथ धो रहे मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के खिलाफअपनी आवाज उठाने हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहा है जिसके लिए समय-समय पर रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता रहा है साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला, पाककला कार्यशाला का भी आयोजन किया जाता रहा है, आज उसी के क्रम में अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के समर्थन और महिलाओं के खिलाफअपराध को रोकने के लिए महिला उत्पीड़न निशुल्क समाधान एवं सुझाव हेल्पलाइन का शुभारंभ किया जा रहा है ।

### शिक्षामित्रों के महासम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर, भाजपा सरकार को समर्थन करने का दिलाया संकल्प

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी के रमाबाई अंबेडकर मैदान में शिक्षामित्रों का महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे उत्तर प्रदेश से लाखो की संख्या में शिक्षामित्र सम्मिलित हुए। यह महासम्मेलन आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिसमे शिक्षामित्र के अन्य संगठनों ने समर्थन और सहयोग दिया। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार पांडेय ने बताया कि यह महासम्मेलन केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर से हुई वार्ता के बाद आयोजित किया गया है। शिक्षामित्रों के सभी संगठनों को एक साथ एक मंच पर लाया गया है। शिक्षामित्रों के इस महासम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि हम शिक्षामित्रों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। विगत वर्ष 2006 से उन्होंने शिक्षामित्रों की लड़ाई में साथ दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार ने शिक्षामित्रों के साथ अन्याय किया है। अगर सपा सरकार शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक घोषित करने के बजाय उनका वेतनमान उनके बराबर कर देती।

# गन्ना मूल्य विद्धि को लेकर आरएलडी विधायकों ने विधानसभा में काटा हंगामा

## जातीय जनगणना की उठाई मांग

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत जोरदार हंगामे के साथ शुरू हुई। जहां उत्तर प्रदेश सरकार अपनी खूबियां गिनाने में लगी रही वहीं विपक्ष प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमला वार दिखाई दे रहा था। वहीं समाजवादी पार्टी की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल भी विधानसभा में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरएलडी विधायकों ने विधानसभा में गन्ने के मुल्य आवारा पशुओं, नौजवानों के लिए रोजगार जैसे मुद्दे को लेकर योगी सरकार पर हमला बोलो। राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने हाथ में पोस्टर लेकर गन्ना मूल्य में वृद्धि को लेकर हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए विधानसभा की कार्रवाई को कल यानी मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सदस्यों ने विधानभवन के बाहर सरकार विरोधी नारेबाजी की और धरना दिया। सपा सदस्यों का उग्र रवैया राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान भी जारी रहा। विपक्षी सदस्यों विशेषकर सपा और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के 'राज्यपाल वापस जाओश् और सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। इस बीच कुछ सदस्य हाथों में तख्तियां लिये सदन की वेल पर भी पहुंच गये। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदस्यों से शांति बनाये रखने की अपील की मगर उसका कोई असर नहीं हुआ। आखिरकार भारी हंगामे और शोरशराबे के बीच राज्यपाल ने विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा की।उन्होंने कहा कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जनता के विश्वास की कसौटी पर खरी उतरी है। राज्यपाल ने हाल ही में संपन्न ग्लोबल इंवेस्टर्स को सफल बताते हुये कहा कि निवेश के आने से राज्य के विकास को गति मिलेगी। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 22 फरवरी को यूपी 25 करोड़ जनता के लिये सदन में बजट प्रस्तुत होगा। इसके उपरांत अभिभाषण और बजट पर चर्चा होने के बाद बजट पारित होगा। सदस्यों को अपने क्षेत्र की समस्यायों को उठाने का अवसर मिलेगा। हर जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह अपनी बात को प्रभावी ढंग से सदन के पटल पर रखे। यह उनका अधिकार है और सरकार का दायित्व है कि वे जनहित से जुडे मुद्दो पर सार्थक चर्चा के जरिये उचित जवाब दे। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिये तैयार है। दलीय नेताओं की बैठक में सभी दलों को इससे अवगत कराया गया है। प्रदेश, लोकतंत्र और विधायिका के हित के मुद्दो पर चर्चा के लिये सरकार हर समय तैयार है। जनप्रतिनिधियों को चाहिये कि जनता ने जिस भाव के साथ उन्हे सदन में भेजा है, उस आचरण के अनुरूप सदन की कार्रवाई को चला कर नजीर प्रस्तुत करे। यदि वे शालीनता के साथ अपनी बात को प्रभावी शब्दावली के साथ प्रस्तुत करते हैं तो सरकार उनके हर सवाल का जवाब देगी। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। सरकार आंकड़ों में चाहे जो कुछ भी प्रस्तुत करे मगर सच्चाई यह है कि कानून व्यवस्था,महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार बुरी तरह विफल हुयी है। बुलडोजर संस्कृति ने गरीबों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। कानपुर देहात में मां बेटी की जान बुलडोजर ने ले ली।

CMYK

# प्रधानमंत्री आवास योजना को जिम्मेदार ही लगा रहे पलीता

## प्रधान और सिक्रेटरी ने पात्र को नहीं दिया आवास

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई शाहाबाद । प्रधानमंत्री आवास योजना को प्रधान सिक्रेटरी सभासद नगर पालिका और डूडा के जिम्मेदार अधिकारी ही निजी स्वार्थ के चलते पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।जनपद की ब्लाक शाहाबाद में कई ऐसे गंभीर भ्रष्टाचार उजागर हुए और उन पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर गोलमोल तरीके से फर्जी आख्या लगाकर शासन को प्रेषित कर दी जाती है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को शाहबाद के प्रधानमंत्री आवास योजना को जिम्मेदार ही लगा रहे पलीता

**प्रधान और सिक्रेटरी ने पात्र को नहीं दिया आवास**

शाहाबाद हरदोई ।प्रधानमंत्री आवास योजना को प्रधान सिक्रेटरी सभासद नगर पालिका और डूडा के जिम्मेदार अधिकारी ही निजी स्वार्थ के चलते पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।जनपद की ब्लाक शाहाबाद में कई ऐसे गंभीर भ्रष्टाचार उजागर हुए और उन पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर गोलमोल तरीके से फर्जी आख्या लगाकर शासन को प्रेषित कर दी जाती है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति को शाहबाद के जिम्मेदार अधिकारी फर्जी आख्या लगाकर शासन की नीति व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाने को मजबूर करते हैं एक मामला फिर सामने आया है ग्राम पंचायत अगापुर के प्रधान अखिलेश अपनी राजनीतिक हनक के चलते अपात्रों से भारी भरकम मोटी रकम लेकर आवास देने का काम कर रहे हैं और उनका कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे ग्राम विकास अधिकारी आवास पात्रता की सूची में रेनू पत्नी अजीत जिनका कच्चा घर बना हुआ है और छत में धन्नी जो पड़ी हैं उसमें से दो टूट चुकी है उस पर भी जिम्मेदारों ने उसका पात्रता सूची से नाम काट दिया कि यह आवास पात्रता सूची में नहीं आता और अजीत की मां कुसमा पत्नी सुरेश चंद्र रमता पत्नी पातीराम आदि ऐसे आवास के जो पात्र व्यक्ति हैं उनसे मोटी रकम न मिलने से उनको प्रधान और सेक्रेटरी ने उनको अपात्र घोषित कर दिया और रामाकांति पत्नी रामप्रकाश का मकान नहीं बल्कि कोठी बनी है उनके मकान में पूरा प्लास्टर फर्श संगमरमर के पत्थर मोटर पानी की टंकी जनरेटर आदि व्यवस्थाओं से लैस होने के बावजूद उनके खाते में आवास की पहली किस्त का पैसा भी इसी माह पहुंच चुका है पीड़ित रेनू पत्नी अजीत के द्वारा जिलाधिकारी हरदोई सीडीओ हरदोई खंड विकास अधिकारी शाहबाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायती पत्र भेजकर सूची से काटा गया नाम जोड़ा जाए और आवास दिलाए जाने के लिए कई प्रार्थना पत्र दिए जिसमें कई बार पीड़ित के प्रार्थना पत्र जांच हुई लेकिन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की रिपोर्ट में या सिद्ध हो गया कि शिकायतकर्ता अपात्र है लेकिन वास्तव में अगर जांच सही हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि कौन पात्र और कौन अपात्र इसकी जानकारी होने पर पत्रकारों की टीम भी मौके पर पहुंची और उसने भी जांच-पड़ताल की जिसमें पाया गया कि पीड़ित रेनू पत्नी अजीत कुसुमा पत्नी सुरेश चंद रमता पत्नी पातीराम वास्तव में आवास के पात्र हैं और इनको आवास की आवश्यकता भी है और जो रामाकांति पत्नी रामप्रकाश को आवास की पहली किस्त जारी हुई वह पूर्णतया गलत है वही ग्राम प्रधान अपनी राजनीतिक के चलते पीड़ित शिकायतकर्ता के खिलाफव उसके भाइयों के खिलाफ थाने में तहरीर दिलवाकर पुलिस के द्वारा नाजायज परेशान करने का भी काम किया जा रहा है और कहां जा रहा है कि अगर बार-बार शिकायत करोगे तो आपको जेल जाने से कोई रोक नहीं सकताजिम्मेदार अधिकारी फर्जी आख्या लगाकर शासन की नीति व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाने को मजबूर करते हैं एक मामला फिर सामने आया है ग्राम पंचायत अगापुर के प्रधान अखिलेश अपनी राजनीतिक हनक के चलते अपात्रों से भारी भरकम मोटी रकम लेकर आवास देने का काम कर रहे हैं और उनका कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे ग्राम विकास अधिकारी आवास पात्रता की सूची में रेनू पत्नी अजीत जिनका कच्चा घर बना हुआ है और छत में धन्नी जो पड़ी हैं उसमें से दो टूट चुकी है उस पर भी जिम्मेदारों ने उसका पात्रता सूची से नाम काट दिया कि यह आवास पात्रता सूची में नहीं आता और अजीत की मां कुसमा पत्नी सुरेश चंद्र रमता पत्नी पातीराम आदि ऐसे आवास के जो पात्र व्यक्ति हैं उनसे मोटी रकम न मिलने से उनको प्रधान और सेक्रेटरी ने उनको अपात्र घोषित कर दिया और रामाकांति पत्नी रामप्रकाश का मकान नहीं बल्कि कोठी बनी है



उनके मकान में पूरा प्लास्टर फर्श संगमरमर के पत्थर मोटर पानी की टंकी जनरेटर आदि व्यवस्थाओं से लैस होने के बावजूद उनके खाते में आवास की पहली किस्त का पैसा भी इसी माह पहुंच चुका है पीड़ित रेनू पत्नी अजीत के द्वारा जिलाधिकारी हरदोई सीडीओ हरदोई खंड विकास अधिकारी शाहबाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायती पत्र भेजकर सूची से काटा गया नाम जोड़ा जाए और आवास दिलाए जाने के लिए कई प्रार्थना पत्र दिए जिसमें कई बार पीड़ित के प्रार्थना पत्र जांच हुई लेकिन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की रिपोर्ट में या सिद्ध हो गया कि शिकायतकर्ता अपात्र है लेकिन वास्तव में अगर जांच सही हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि कौन पात्र और कौन अपात्र इसकी जानकारी होने पर पत्रकारों की टीम भी मौके पर पहुंची और उसने भी जांच-पड़ताल की जिसमें पाया गया कि पीड़ित रेनू पत्नी अजीत कुसुमा पत्नी सुरेश चंद रमता पत्नी पातीराम वास्तव में आवास के पात्र हैं और इनको आवास की आवश्यकता भी है और जो रामाकांति पत्नी रामप्रकाश को आवास की पहली किस्त जारी हुई वह पूर्णतया गलत है वही ग्राम प्रधान अपनी राजनीतिक के चलते पीड़ित शिकायतकर्ता के खिलाफव उसके भाइयों के खिलाफ थाने में तहरीर दिलवाकर पुलिस के द्वारा नाजायज परेशान करने का भी काम किया जा रहा है और कहां जा रहा है कि अगर बार-बार शिकायत करोगे तो आपको जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता

# निजी हॉस्पिटलो की सांठ गांठ से पैथालॉजी सेंटरों में मरीजों के साथ की जा रही धोखाधडी स्वास्थ महकमा मेहरमान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । शहर से लेकर कस्बा में स्वास्थ महकमा की मेहरवानियों के चलते कुकुरमुत्ते की तरह फल फूल रहे निजी अस्पताल व पैथालाजी सेंटर अधिकतर रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम संचालित अप्रशिक्षित लोग कर रहे हैं जिसकी खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। आपको बता दें कि हर गली मोहल्ले में पैथालोजी जांच सेंटर खुले हुए हैं, लेकिन हकीकत में देखा जाए तो किसी निजी अस्पताल की जांचे सबसे अधिक हो रही होगी उस सेंटर से डॉक्टर व पैथोलॉजी संचालक के द्वारा आंख मिचौली का खेल खेलकर गरीब मासूमों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं,जिससे गंभीर बीमारी जांच में दिखाकर रुपए ऐठने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है,जिसका जीता जागता मामला बावन रोड सेंठ नवल किशोर उर्मिला देवी हास्पिटल का सामनेआया है जहां पर एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)डॉक्टर विनीत वर्मा को दिखाने लिए मरीज अनुज कुमार सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी नानक गंज झाला लखनऊ रोड हरदोई गया हुआ था ,जहां पर डॉ विनीत वर्मा ने जांच कराने के लिए सारदा पैथालोजी डॉ के. के. सिंह टेक्नीशियन के यहां भेजा ब्लड सैंपल लेकर थोड़ी देर बाद रिपोर्ट मिल गई, ज्वाइंदस अधिक बढ़ी बताई गई जिसेसे मरीज घबराया और तुरंत स्वास्तिका पैथालोजी पहुंचकर जांच कराई जहां पर रिपोर्ट आने पर कुछ जिए का तसल्ली पड़ी ,मरीज दोनों जांचे लेकर डॉ विनीत वर्मा के यहां पहुंचा तो इनकी वाली जांच दिखाई तो घबरा कर कहने लगा मामला बहुत गंभीर है आप यहां चलकर कैसे आए आपको तो लेटकर आना चाहिए था,आनन फानन में दवाई लिखी भर्ती कराने के लिए कहा उसी बीच उसरी जांच रिपोर्ट दिखाई तो सन्य रह गया और तेज तेज बहस करने लगा उसके बाद पीड़ित ने जिलाधिकारी सीएमओ स्वास्थ मंत्री आनलाइन शिकायत दर्ज कराई और अपनी बीती मीडिया कर्मी को बताई खबर चलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए। नोडल अधिकारी पंकज मिश्रा को जांच सौंपी गई और जांच करने के बाद बताया कि उसमे कोई ठोस चीज तो है नही और अलग अलग टाइम पर सैंपल लिए गए हैं तो अंतर तो होगा ही,पीड़ित का कहना कि लीवर 1480 सारदा पैथालोजी की रिपोर्ट में दिखा रहा तो वहीं स्वास्तिका पैथोलॉजी लीवर 168 ही है,वही आई,जी,आर,एस 400 15523010942 में आख्या प्रस्तुत है कि डॉ विनीत वर्मा एमबीबीएस एम एस है इसका अस्पताल रजिस्टर्ड है, और जो मेरे द्वारा जांचे कराई गई है उसमे अलग अलग समय पर लिए गए सैंपल अलग अलग मशीन में रीडिंग में भिन्नता असामान्य नही है। सीएमओ को शिकायत निस्तारित करने के लिए भेज दिया गया है।अब सवाल यह उठता है कि क्या इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गैरजिम्मेदार अनट्रेंड अप्रशिक्षित टेक्नीशियन से मोटी रकम लेकर बचाते रहेंगे और मासूम लोगों की जिंदगी के साथ लगातार खेलते रहेंगे और आम जनता इन लोगों की शिकार होती रहेगी,

## बाइक की टंकी पर महिला को बिठा कर स्टंट करता नजर आया युवक

संवाददाता, हरदोई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में वायरल हुआ एक वीडियो जिसमें एक युवक एक महिला को अलग अंदाज में बिठाकर घुमा रहा था, वीडियो वायरल होने के बाद अब यह युवकों के बीच सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने का एक नया जरिया बन गया है। हरदोई में भी एक इसी तरह का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक बाइक की टंकी पर एक महिला को बिठाकर तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाता नजर आ रहा है। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसका संज्ञान लेने के बाद अब पुलिस बाइक के नंबर को ट्रेस करके युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कह रही है। बाइक की टंकी पर महिला को बैठाकर तेज रफ्तार में जा रहा युवक का वीडियो इन दिनों हरदोई में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया गया यह वीडियो हरदोई सीतापुर रोड का है, जब यह युवक एक महिला को बाइक की टंकी पर बैठे हुए रफ्तार भरते हुए जा रहा था, तब किसी राहगीर ने इस वीडियो को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया और फिर इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो जो तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रहा है, उसका पुलिस ने संज्ञान लिया है। वीडियो में बाइक का नंबर नजर आ रहा है। जिसको ट्रेस करने की पुलिस कोशिश कर रही है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। फिलहाल युवक का महिला के साथ रोमांस करने का वीडियो चर्चा में बना है।

# समय से ड्यूटी न करना व ठेके पर सफाई करवाने वाले सफाई कर्मियों का रोका गया वेतन

## हरदोई लापरवाह 600 सफाई कर्मियों का रोका गया वेतन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई ।' उत्तर प्रदेश में समय से ड्यूटी न करने वाले सफाई कर्मियों का जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने 600 सफाई कर्मियों का वेतन रोक दिया जिसके बाद सफाई कर्मचारी जिला प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए कलेक्टर परिसर में कटोरा लेकर धरने पर बैठ गए.... इतना ही नहीं सफाई कर्मचारियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी पर उत्पीड़न करने का भी आरोप लगा दिया फिलहाल पूरे प्रकरण को लेकर विनय कुमार सिंह से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया की लापरवाही बिल्कुल स्वीकार नहीं जो सफाई कर्मचारी गांव पर सफाई के लिए समय से नहीं पहुंचते हैं साथ ही जो कर्मचारी ठेके पर गांव गांव में सफाई करवा रहे हैं उनके खिलाफकठोरतम कार्रवाई की जाएगी अभी तो सिर्फ वेतन रोका गया अगर इसी तरीके से जनपद में गांव स्तर से सफाई को लेकर



शिकायतें मिलती रहेगी तो अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए शासन को भी रिपोर्ट भेजी जाएगी आपको बता दें कि हरदोई जनपद में विभिन्न ऐसी ग्राम सभाएं हैं जहां सफाई कर्मियों की तैनाती होने के बावजूद भी गांव में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं ग्रामीण स्वयं गंदगी साफ करने को मजबूर हैं यह सफाई कर्मी गांव स्तर पर समय से सफाई करने नहीं जाते लगातार ग्रामीणों के द्वारा जिला प्रशासन से सफाई को लेकर शिकायतें की जा रही थी जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी ने हरदोई जनपद के 600 सफाई कर्मियों का वेतन रोक दिया वेतन रुकने के बाद हरदोई के सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए सफाई कर्मचारी कटोरा लेकर नाटकीय ढंग से कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठ गए हैं ।कुछ लोगों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायतों में ठेके वाले कभी कभार सफाई करने पहुंच जाते हैं,गांव में गंदगी का अंबार लगे होने से बीमारियां फैल रही है यह लोग नेतागिरी करते नजर आते हैं ,तो वही विभागीय अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू कर दी जिसको लेकर गुस्साए सफाई कर्मी अधिकारी पर दबाव बनाने के लिए तरह तरह के धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

## जिला महिला अस्पताल में किया गया उद्घाटन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई ।जिला महिला अस्पताल सहित जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आज खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया । मुख्य कार्यक्रम जिला महिला अस्पताल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला महिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डा. विनीता चतुर्वेदी ने कहा कि खुशहाल परिवार दिवस के माध्यम से लाभार्थियों को जहां परिवार नियोजन के साधनों के बारे में बताया जाता है वहीं इच्छुक लाभार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य में परिवार नियोजन साधनों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि विभाग का प्रयास है कि समुदाय को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में समुचित जानकारी हो बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में लोगों को अवगत कराया जा रहा है ताकि योग्य लाभार्थी इच्छा के अनुरूप साधनों का चुनाव कर सकें। समुचित जागरूकता



एवं परिवार नियोजन के साधन अपनाने से ही सरकार की छोटा परिवार, सुखी परिवार की मंशा पूरी हो पाएगी। यह जरूरी है कि लाभार्थी को बास्केट ऑफच्वाइस में उपलब्ध साधनों की समुचित जानकारी हो, बास्केट ऑफ च्वाइस में परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों में त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, कॉपर टी (आईयूसीडी), कॉन्डोम, गर्भनिरोधक गोली छाया, माला एन, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली तथा स्थायी साधनों में पुरुष एवं महिला नसबंदी की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी इंद्रभूषण सिंह ने बताया कि खुशहाल परिवारदिवस के मौके पर जनपद में 12 महिलाओं ने नसबंदी अपनाई साथ ही जिला महिला अस्पताल में 13 महिलाओ ने त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा लगवाया। नौ महिलाओ ने आईयूसीडी, सात महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी लगवाई एक महिला ने प्रसव पश्चात नसबंदी अपनाई इसके अलावा साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया के 18 पैकेट्स, माला एन के 108 पैकेट्स, और आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली 16 और कुल 1055 कंडोम का वितरण नि:शुल्क किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार, डीसीपीम शिव कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश तकनीकी इकाई के परिवार नियोजन विशेषज्ञ और एफमीएलएमआईएस मैनेजर किंदरलाल उपस्थित रहे।

# सनसनीखेज घटना से गांव में दहशत का माहौल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। आशनाई के चलते नहर में हत्या कर फेंके गए युवक के शव की बरामदगी होने से सनसनीखेज घटना को अंजाम दिए जाने को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। वहीं हिरासत में की गयी पुछताछ में प्रेमी द्वारा प्रेमिका से रुपए के लेंन देंन एवं शराब में जहर मिला कर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही। बताते चले की 8 फरवरी को गोमतीनगर लखनऊ थाना क्षेत्र से लापता चल रहे खेरवा पोस्ट सराय रावत थाना हैदरगढ़ निवासी भगवान दास उर्फ बबलू का शव मोहनगंज थानान्तर्गत जौनपुर माईनर से बरामद हुआ। मालूम हो युवक के परिजनों नें 14 फरवरी को गोमतीनगर थाने में रपट लिखाई थीं जिस पर युवक के मोबाईल की लोकेशन महराजगंज थाना क्षेत्र के ठाकुरपुर मजरे कैडावा गांव में मिली थीं। गोमतीनगर एवं महराजगंज पुलिस द्वारा गांव के ही छेद्दू रावत एवं उसके परिजनों को उठाने तथा लापता युवक के मोबाइल एवं मोटर साईकिल बरामद किए जाने से मामला चर्चा में है। हिरासत में लिए गए छेद्दू एवं उसके परिजनों द्वारा युवक की हत्या कर शव को नहर में फेंके जाने के बाद से ही लापता युवक के परिजनों द्वारा पिछले तीन दिन से लगातार नहर में खोजबीन की जा रही। वहीं मंगलवार की दोपहर शव बरामद होने से हत्या की पुष्टि होती नजर आ रही। जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी छेद्दू रावत की पुत्री का ब्याह दो वर्ष पूर्व मृतक बबलू के गांव में ही हुआ था जहां दोनों की जान पहचान हुई, जिस पर मृतक अपनी प्रेमिका का पूरा खर्च वहन करने लगा, किसी बात से नाराज हो खर्च हुआ पैसा लेने 8 फरवरी को बबलू अपनी प्रेमिका से मिलने उसके मायके आया, जहां लड़की के पिता छेद्दू और बबलू नें पहले रात को शराब पी यही जहर मिलाए जाने की बात सामने आ रही। हिरासत में लिए गए लड़की के पिता छेद्दू नें बताया की घर आए युवक की मौत होने के बाद मोबाईल व बाईक के साथ साथ मृतक बबलू के शव को पुराने घर में छुपा अगली रात को बोरे में भर समीप स्थित नहर में फेंक दिया गया। फिलहाल मोबाईल नंबर से ट्रेस की गयी लोकेशन से इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हो सका। मामले में प्रभारी निरीक्षक श्याम पाल नें बताया की 9 फरवरी को फेंके गए युवक का शव मोहनगंज थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है जहाँ मोहनगंज पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए गौरीगंज मुख्यालय भेजा गया है।

## प्राइवेट बस ने बाइक से जा रहे तीन लोगों को मारी टक्कर, तीनो युवक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, महाराजगंज, रायबरेली। महराजगंज से इन्हौना जा रही प्राइवेट बस ने बाइक से जा रहे तीन लोगो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को आस पास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना मोन स्थित बजाज चक्की के पास की है। जहां महराजगंज से इंन्हौना जा रही खान बस ने मोटर साइकिल को श टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल पर सवार नीरज पुत्र रामदयाल (20), अरुण यादव पुत्र बलदेव (17) व अंकित पुत्र जगदेव(18)निवासी कंसीपुर घेरा गंभीर रूप से घायल हो गए घायल युवकों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने नीरज की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सुशील पासी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में शुमार सुशील पासी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। घोषणा होने के बाद से ही कांग्रेसी व क्षेत्रीय लोगों द्वारा बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। बताते चलें कि सुशील पासी की पहचान जमीन से जुड़े, कर्मठ, जुझारू व संघर्षशील नेता के रूप में रही है।सुशील पासी को एआईसीसी का सदस्य बनाए जाने से कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में इसका लाभ भी मिलता नजर आ रहा है। बधाई देने वालों में कृपा शंकर शर्मा, प्रदीप चौधरी, राघवेन्द्र मिश्रा, चंद्रभान सिंह, दिनेश मिश्रा, नान्ह सिंह, अर्जुन पासी, भगवानदीन फौजी,इंदल सिंह,दशरथ प्रधान,पुटटू प्रधान, सुनील मौर्या प्रधान ओथी, राकेश,अमरेश प्रधानपति मोन, पप्पू प्रधानपति सिरसोई,जुगुन तिवारी प्रधान प्रतिनिधि बरहुवां,राम प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 65वां दीपोत्सव एवं महाआरती हर्षोल्लास के मनाया गया

संवाददाता, हरदोई । सण्डीला में स्थित प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर में हर अमावस को दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया जाता है। कहा जाता है कि श्री शीतला माता मंदिर में जो भी भक्तगण अपनी मनोकामनाएं लेकर आता है और माँ के सामने अपनी अर्जी लगाता है माँ शीतला उसकी हर मनोकामना और इच्छा पूरी करती है। सण्डीला तहसील क्षेत्र सहित बहुत दूर दूर से भक्त अपनी झोली खाली लेकर आते है और अपनी अर्जी माँ शीतला के दरबार मे लगाते है। श्री शीतला माता मंदिर मानसरोवर स्थित प्रांगण में हर अमावस्या को दीपोत्सव का कार्यक्रम भी आयोजन किया जाता है। हर बार की तरह इस बार भी 65 वा दीपोत्सव पूजा - आरती भजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## दहेज में कार नहीं मिलने पर बहू को मारपीट कर घर से निकाला मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हरदोई । पाली क्षेत्र के असमदा गांव निवासी खुशनुमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 3 साल पहले कस्बा के मोहल्ला आबिद नगर निवासी नासिर के साथ हुआ था। पिता ने निकाह में सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार दोपहर वह मायके में थी। तभी सास, पति और उसके साथ दो अज्ञात लोग घर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मारपीट की। डेढ़ वर्ष की बेटी को छीन कर चले गए। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जाँच कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

संवाददाता, हरदोई। कोतवाली शाहाबाद क्षेत्र के अंझी स्टेशन पर आज दोपहर एक अधेड़ व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली सूचना पाकर मौके पर उप निरीक्षक वीर प्रताप सिंह कांस्टेबल तेज बहादुर सिंह ने पहचान करने का प्रयास किया पहचान ना होने पर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की हाकी बालक प्रतियोगिता एवं भारोत्तोलन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

संवाददाता, हरदोई । उपक्रीडाधिकारी रंजीत यादव ने बताया है कि खेल निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, हरदोई के द्वारा वर्ष 2022-23 में जी-20 पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की हाकी बालक प्रतियोगिता 28 फरवरी से 01 मार्च 2023 तक एवं जूनियर वर्ग की भारोत्तोलन बालक प्रतियोगिता 01 मार्च 2023 को स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में आयोजित की जायेगी। विजेता खिलाड़ियों टीमों को पुरस्कार के रूप में नकद धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से उनके खाते में डाला जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के स्वयं के खाते होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये खिलाड़ी कार्यालय दिवस में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## लो बोल्टेज से गुस्साए किसानों ने बिजली घर का किया घेराव

संवाददाता, हरदोई । पाली किसानों ने बिजली घर का घेराव कर कस्बे की बिजली सप्लाई कराई बंद, उग्र किसानों को देख विद्युत कर्मचारियों ने बिजली घर के दरवाजे किये बंद, सूचना पर पहुँची पुलिस ने किसानों को शांत कराकर बिजली घर के दरवाजे खुलवाए दर्जनों किसानों ने बिजली घर घेर लिया। और डरा धमकाकर कस्बा की सप्लाई बंद करा दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामला शांत कराया। क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने बिजली घर लिया, और विद्युत कर्मचारियों को डरा धमकाकर कस्बा की सप्लाई बंद करा दी। डरे कर्मचारियों ने घबराकर बिजली घर के दरवाजे बंद कर लिए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने किसानों को समझाया। जिसके बाद दरवाजे खुलवाए। किसान राहुल, रमेश, विजय, अजय आदि लोगो ने बताया कि भरखनी फस्ट फीडर में पिछले कई दिनों से लो बोल्टेज की समस्या है। जिसके कारण किसानों को सिचाई में दिक्कत आ रही है। गेंहू, गन्ना, मूंगफली की फसल सूख रही है। समय से अगर फसल की सिंचाई नही हुई तो फसल सूख जाएगी। कर्मचारी अजीत बाजपाई ने बताया कि ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के लिए 8 उअं ट्रांसफार्मर मगाया गया। टेस्टिंग का काम पूरा होने के बाद लो वोल्टेज समस्या दूर हो जाएगी।

## नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मोखरा गांव के पास शारदा सहायक नहर में एक युवक का शव बरामद हुआ है। नहर में शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंगलवार की सुबह क्षेत्र के गांव मोखरा के पास शारदा सहायक नहर में बहते हुए एक युवक का शव देखा। आसपास के गांव के लोग नहर के तरफ गए तो शव की दुर्गंध के कारण लोग झाड़ी में पहुंचे। जहां पर युवक का शव देखकर हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को नहर से बाहर निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। वह जींस का पैंट और शर्ट पहने हुए है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव करीबन एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में संपर्क किया जा रहा है।

## किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। गदागंज थाना क्षेत्र के सैदलीपुर गाँव में अज्ञात कारणों के चलते एक किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गाँव निवासी मैकूलाल के पुत्र अभिषेक 17 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया, परिजनों द्वारा उसे आनन फानन ऊंचाहार सीएचसी लाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि किशोर ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। अकोढ़िया गांव के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के बिंदा का पुरवा मजरे गंगश्री गाँव निवासी पवन कुमार 42 वर्ष मंगलवार की दोपहर बाद किसी कार्य के लिए बाइक से ऊंचाहार आये थे और वापस घर लौट रहे थे, तभी अकोढ़िया गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गिरकर वो घायल हो गया, राहगीरों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में एक व्यक्ति सीएचसी आया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

CMYK

# शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें : जिलाधिकारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त सन्दर्भ, भारत सरकार पी0जी0 पोर्टल सन्दर्भ, शासनध् राजस्व परिषद निदेशालय सन्दर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वरिष्ठध्पुलिस अधीक्षक, महिला हेल्प डेस्क, एन्टी भू-माफिया सहित आदि सन्दर्भों के कुल 68424 शिकायत प्राप्त, जिसके सापेक्ष 66788 सन्दर्भ विभिन्न विभागों द्वारा निस्तारित किये गये तथा 1632 लंबित सन्दर्भ व 04 डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय में निस्तारित किये जायें। बैठक में आनलाइन सन्दर्भ स्तर वार प्राप्त सन्दर्भों प्रथम स्तर अधिकारी के कुल 29820 जिसके सापेक्ष निस्तारित 28952, जिसमें लंबित 867 व डिफाल्टर 01 है। इसी प्रकार द्वितीय स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त सन्दर्भ 7696, जिसमें से समस्त निस्तारित है। तृतीय स्तर अधिकारी को प्राप्त सन्दर्भ 2237, जिसमें से समस्त निस्तारित है। चतुर्थ स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त सन्दर्भ 60, जिसमें से समस्त निस्तारित है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ स्तर वार प्रथम स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त 42064 सन्दर्भ, जिसमें से 41240 निस्तारित, लंबित सन्दर्भ 824 है। द्वितीय स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त 9895 सन्दर्भ, जिमसें 9850 निस्तारित व लंबित 45 है। तृतीय स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त 2732 सन्दर्भ, जिसके सापेक्ष निस्तारित 2725 किये गये हैं तथा लंबित 07 है एवं चतुर्थ स्तर अधिकारी को कुल प्राप्त 71 सन्दर्भ, जिसमें समस्त निस्तारित किये गये हैं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, समस्त एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थिति रहेद्य

# सड़क पर अतिक्रमण बन रहा दुर्घटना का कारण

## हाईवे के फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा




स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बहराइच। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा नगर पंचायत अतिक्रमण का शिकार है जो खूबसूरती पर धब्बे के समान है। सड़क के दोनों ओर ऐसा अतिक्रमण है कि सड़क कम ठेले-गुमटिया और उल्टे सीधे खड़े वाहन अधिक दिखाई देते हैं। इससे लखनऊ बहराइच जाने वाले वाहनों को अक्सर लगने वाले जाम के कारण दिक्कत होती है। अतिक्रमण के चलते व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। कैसरगंज नगर पंचायत तहसील मुख्यालय का दर्जा प्राप्त चुका है, लेकिन अभी तक नगर के हिसाब से ढांचागत विकास नहीं हो रहा है। इससे अतिक्रमण पूरी तरह नासूर बन गया है। नगर पंचायत के रानी बाग से लेकर मंडी समिति तक अतिक्रमण कारियों ने अपना जाल फैला रखा है। लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर सड़क की दोनों पटरियों पर अस्थाई दुकानें हैं, ठेले गुमटीओ वा पन्नी तान कर लगने वाली दुकानों ने कस्बे की सूरत ही बिगाड़ दी है। प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कवायद पर कुछ समय बाद फिर से ठेले व गुमटियों के द्वारा अतिक्रमण कर दिया जाता है। कई बार प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की चेतावनी को अतिक्रमणकारियों ने नजरअंदाज कर दिया है। इसके बावजूद प्रशासन खामोश है। कस्बा निवासी कामता तथा अरविंद याज्ञसेनी का कहना है की इससे व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित होता है। सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नगर का सही ढंग से विस्तार हो जाए तो यह समस्या अपने आप कम हो जाएगी। राहुल सोनी का कहना है की सब्जी मंडी व फल मंडी को अलग-अलग स्थानांतरित स्थान कर दिया जाए, तो अतिक्रमण की समस्या कुछ कम हो जाएगी।

# जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम सम्पन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

इटावा। नेहरू युवा केन्द्र इटावा के तत्वावधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम श्री अभयवीर सिंह महाविद्यालय उदी मोड़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इटावा सदर विधायक प्रतिनिधि हरी नारायण बाजपेयी उपस्थित रहे,विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.शिव चरण,रवींद्र कुमार सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग प्रो. विनय कुमार आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी ने विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित अतिथियों का शाल उढ़ाकर स्वागत किया व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा युवाओं को लाभ मिल रहा है। वक्ताओं ने वैश्विक पटल पर भारत अभ्युदय वसुदेव कुटुंबकम जी 20 पर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को विवेक रंजन गुप्ता,निहारिका शुक्ला, समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट, संजय सक्सेना,जल पुरुष निर्मल सिंह आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार ने किया।लेखाकार श्रवण कुमार बाथम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने 12 युवा युवती मंडलों को वर्ष 2022- 23 की खेलकूद सामग्री वितरित की।इस मौके पर एनवाईवी नंदिता तिवारी, प्रियंका,रमिता,विजय कुमार, अजीत कुमार,मोहिनी कश्यप, धारवी पांडेय,आरती,पंकज कुमार आदि सैकडों युवा उपस्थित रहे।



# मैत्री क्रिकेट मैच का परिचय के साथ हुआ शुभारम्भ

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



इटावा। दस्तक अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देशय से नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के डीसी हिमांशू कुमार व डीपीएम सुनील कुमार की देखरेख में नगर पालिका परिषद इटावा व आम नागरिकों के बीच एक मैत्री मैच का आयोजन इन्जीनियरिंग कालेज के पास बने क्रीडा स्थल पर किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के ब्रांड एंबेसडर हरिशंकर पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैत्री क्रिकेट मैच का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेल कूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कूड़ा प्रथक्करण के बारे में भी जानकारी दी। नगर पालिका परिषद इटावा के मुख्य सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाह द्वारा डस्टबिन का वितरण कर खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। नगर पालिका परिषद इटावा क्रिकेट टीम के कप्तान नथ्थी लाल कुशवाह (एसएफआई),

उपकप्तान बृजेन्द्र सिंह,पवन नेगी,गोपाल,वसीम,विवेक शिवम,अनुराग,अन्नू ,अमन व शिवपाल तथा दूसरी टीम के कप्तान अयाज,जीशान,अमीर रजा,अरविन्द माथुर,इमरान खान,इशरा तुल्लाह,सलमान मंसूरी,अमरान खान,माहिर खान, मोहिसिन अन्सारी आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की संपत्ति को पुलिस ने किया कुर्क

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की 90 लाख रुपये की संपत्ति जिला प्रशासन ने कुर्क की है। जिसमें माधौगंज पुलिस ने एक मकान व तीन दुकानों की डुग्गी पिटवाकर कुर्की की कार्रवाई की है। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मटियामऊ निवासी जमालुद्दीन उर्फ जुद्दी पर गोवध अधिनियम सहित कई मुकदमे दर्ज है। एएसपी दुर्गेश सिंह ने बताया कि आरोपी ने गिरोह बनाकर अवैध रूप से सम्पति अर्जित कर रखी थी। जिलाधिकारी हरदोई के आदेश पर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।इसी के चलते जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी राहुल कश्यप विश्वकर्मा, क्षेत्राधिकारी सतेंद्र सिंह, कोतवाल शेषनाथ सिंह, माधौगंज एसओ सुब्रत त्रिपाठी ने गांव जाकर पहले डुग्गी पिटवाई। फिर अवैध रूप से धन अर्जित कर बनाया गया एक मकान व तीन दुकानों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने जिसकी कीमत 90 लाख रुपये से अधिक आंकी है।इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अवैध रूप से धन अर्जित कर मकान व दुकान बनाई थी। जिसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क कर लिया गया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज वालेंद्र मिश्र सहित तहसील प्रशासन के अन्य लोग मौजूद रहे।

## अचानक दुल्हन को छोड़कर गायब हुआ दूल्हा

संवाददाता, हरदोई। सांडी इलाके में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन से सुहागरात के बाद बिना किसी से कुछ कहे सुबह कहीं चला गया और वापस नहीं आया है। शिकायत के बाद पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी हुई है।दूल्हे के सुबह अचानक लापता होने से पूरे परिवार में हड़कंप गया। परिवार वालों ने दूल्हे को बहुत खोजा, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका है। जिसके बाद दूल्हे के भाई ने पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।घटना सांडी थाने के भगहर गांव की है। यहां 22 वर्षीय सूरज की 17 फरवरी को पिहानी थाने के मंसूर नगर गांव में बारात गई थी। 18 फरवरी को दुल्हन के साथ बारात घर आ गई। 19 फरवरी को सुहागरात मनाने के बाद सुबह-सुबह दूल्हा सूरज बिना किसी को कुछ बताए घर से गायब हो गया।परिजनों ने उसे तड़के सुबह घर से बाहर जाते देखा। जब काफी देर तक सूरज वापस नहीं आया, तो घर वालों को चिंता हुई। सूरज का मोबाइल फोन और पैसे भी घर में ही रखे मिले।जिसके बाद परिजनों ने गांव से लेकर तमाम रिश्तेदारों में उसकी तलाश की, लेकिन सूरज का कहीं पता नहीं चल सका। थक-हार कर परिजनों ने पुलिस से मामले की शिकायत की। सूरज के गायब होने से उसकी नवविवाहित पत्नी समेत पूरा परिवार परेशान है। एएसपी दुर्गेश सिंह ने बताया कि घरवालों ने पुलिस थाने में सूरज के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी है। लापता दूल्हे की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगाई गयी है।

## एक दिन में हृदय गति रुकने से पांच की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, खीरों रायबरेली। खीरों ब्लाक के भीतरगांव में मंगलवार का दिन ग्रामीणों के लिए अपशगुन रहा। एक साथ अलग अलग जगहों पर हुई पांच मौतों से चारो ओर कोहराम मच गया। सभी मृतकों का अंतिम संस्कार गेगासो गंगा घाट पर कराया गया बताया जाता है कि सभी की हार्टअटैक से मौत हुई है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कमल अर्जुन (45) वर्ष, छत्रपाल पुत्र नरपति (60), शोभा (62), ननकई पत्नी कन्धई व सूखा पुत्री दसऊ सोमवार रात तक सभी स्वास्थ्य थे और किसी की रात में तबियत खराब हुई तो किसी की सुबह स्थानीय लोगो व परिजनों द्वारा आनन फानन में लोगो को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। गांव में एक साथ उठी 5 अर्थियों से चारों ओर चीत्कार मच गया। विपदा की इस घड़ी में सभी गांव निवासी रो पड़े। वही यह खबर जैसे ही अगल बगल के लोगो को हुई तो बड़ी संख्या में लोग सांत्वना व्यक्त करने घर पहुचं रहे हैं।

# पुरानी पेंशन बहाल नहीं तो रेल का चक्का जाम

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

जौनपुर। जंक्शन जौनपुर के प्लेटफार्म संख्या एक पर नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के आह्वान पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा संयुक्त रूप से धरने का आयोजन किया गया। धरने की अध्यक्षता कॉमरेड सीपी सिंह शाखा मंत्री नारर्दन रेलवे मेंस यूनियन तथा संचालन डॉ प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया। अध्यक्षता करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि भारत सरकार यदि कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली पर शीघ्र कोई निर्णय नहीं लेती है तो देश के समस्त रेलवे कर्मचारी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 1968 एवं 1974 की रेल हड़ताल की पुनरावृति करने पर मजबूर होंगे जिससे भारत की आर्थिक जीवन रेखा कही जाने वाली रेलों के चक्के पूरे देश में जाम होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। सभा में नारर्दन रेलवे मेंस यूनियन से आर के श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, विद्या देवी, अनिल कुमार मिश्रा, अनुज कुमार सिंह, राम सिंह, संजय, पवन त्रिवेदी, राणा प्रताप यादव तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर से देवेश कुमार यादव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीबी सिंह, इं राजकुमार गुप्ता, डॉ फूलचंद कनौजिया, संजय पाठक, धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, राम कृष्ण पाल, सुजीत विश्वकर्मा,अमर बहादुर यादव, विजयभान यादव, संजय श्रीवास्तव, आदि विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# डीएम ने अनिमियता के कारण कोटे की दुकान को किया निरस्त

संवाददाता

कप्तानगंज बस्ती। बस्ती जिले के विकासखण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत पगार में कार्डधारकों ने कोटेदार तिलक राम चौधरी के सरकारी गल्ले की दुकान को निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव को सौंपा । ग्राम पंचायत पगार के कार्डधारकों ने दिनांक -24-08-2022 को कोटेदार तिलकराम चौधरी दुकान संख्या-20551299 के खिलाफ उप जिलाधिकारी हर्रैया से शिकायत किया था। जिसमें कोटेदार पर 05 से 10 किलो राशन घटतौली , गाली गलौज , दुकान पर बार बार दौड़ाना , अंगूठा लगवाने के बाद राशन न देने का आरोप लगाया था । उप जिलाधिकरी हर्रैया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कोटेदार तिलक राम चौधरी के दुकान के खिलाफअनिमियता मिलने पर दुकान संख्या -20551299 को दिनांक -20-10-2022 को निलंबित कर दिया था ।और ग्राम पंचायत वरहटा के स्वंय सहायता द्वारा कोटे को अटैच कर दिया है । अटैच कोटेदार के दुकान से समस्त ग्राम पंचायत के कार्डधारकों द्वारा राशन प्राप्त किया जा रहा है । स्वयं सहायता समूह के राशन वितरण से ग्राम पंचायत पगार के समस्त कार्ड धारक संतुष्ट थे । बरहटा कोटेदार रिंकी देवी अपने पति के साथ सायंकाल कोटा वितरण दिनांक -29-01-2023 को कर रही थी उसी समय कोटेदार तिलक राम चौधरी के आदमियों द्वारा दुकान पर आकर सभी कार्ड धारकों से गाली - गलौज एवं अभद्रता करने लगे थे उसी समय किसी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया था मौके पर 112 नंबर पुलिस ने पहुंचकर दोनो पक्षों को समझा - बुझाकर मामले को शांत कराया था । 112 नंबर पुलिस के जाने के बाद कोटेदार तिलक राम चौधरी के आदमियों ने रिंकी देवी कोटेदार को गांव में विवरण करने से मना कर दिया था और कहा कि आज के बाद हमारे गांव में कोटा का वितरण नही होगा तुम नही मानोगी तो परिणाम बुरा होगा । फरवरी माह में 10 से 15 तारीख तक राशन लेने के लिए 3 -4 किलोमीटर दूर समस्त ग्रामीणों को जाना पड़ रहा है । ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तिलक राम चौधरी के कोटेदार के दुकान को निरस्त कर दिया है ।



## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की गयी है शुरुआत

संवाददाता, सुलतानपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों जैसे- बढ़ई, दर्जी, लोहार, कुम्हार, हलवाई एवं हस्तशिल्पियों हेतु ''विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना'' आरम्भ की गयी है। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 द्वितीय चरण में कुल 525 व्यक्तियों को इस ट्रेड में 06 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिन अभ्यर्थियों ने 20 फरवरी, 2023 तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, सुलतानपुर में आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं उनसे अनुरोध है कि 24 फरवरी, 2023 एवं 25.02.2023 को कार्यालय में अपने मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर चयन समिति के समक्ष सत्यापन करा लें, ताकि अन्तिम सूची साक्षात्कार समिति के समक्ष रखते हुए चयन की कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

## एएसपी ग्रामीण ने संभाला कार्यभार

संवाददाता, बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी सोमवार शाम को जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने नानपारा पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद क्षेत्र का भ्रमण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार का स्थानांतरण शासन ने कर दिया है। उनके स्थान पर डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाया गया है। डॉक्टर त्रिपाठी सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने नानपारा पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद एएसपी ग्रामीण कोतवाली नानपारा क्षेत्र का भ्रमण किया। लोगों से शांति के साथ त्योहार मनाने की बात कही। इस दौरान सीओ राहुल पांडेय, कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

## एनएसएस के छात्रों ने छटे दिन निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, बहराइच। गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर द्वारा चयनित ग्राम इटकौरी एवं जगदीशपुर शोखा में जागरूकता रैली निकाली। दूसरे पहर में शिविरथियो को योग शिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया गया। उसके बाद शिविरथियो द्वारा भाषण लोकगीत प्रस्तुत किये गए। प्रो दयाराम यादव ने समाज मे फैली कुरीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि जागरूकता अभियान के तहत शिविरथियो द्वारा ग्राम वासियों को बिभिन्न पहलुओं से परिचय दिया जिसके लिए शिविरथियो को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने शिविरथियो को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किये कार्य कार्यो की प्रसंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और प्राचार्य व कार्यक्रमधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर शोखा के समस्त बच्चों को मिष्ठान वितरित कर समाज मे आगे बढ़ने की बात कही। डॉ सुभाष चन्द्र, कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ राम जनम ने आये अतिथियों को धन्यवाद दिया तथा शिविर के प्राप्त अनुभवों को समाज मे ले जाने की अपील की।

## बहू ने ससुर पर लाठियों से पिटाई का लगाया आरोप

संवाददाता, बहराइच। कन्या गांव निवासी एक महिला ने ससुर पर लाठियों से पिटाई का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया है। उसका कहना है कि रिसिया पुलिस कोई कार्यवाई नहीं कर रही है। रिसिया थाना क्षेत्र के कन्या गांव निवासी महिला चंदा मंगलवार को अपनी बेटी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। महिला ने अपने ससुर पर लाठी डंडों से पीटने का आरोप आगया है। जिसको लेकर पीड़ित महिला चंदा द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती का पत्र सौंपा गया है। साथी ही महिला के द्वारा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन शिकायती पत्र भी भेजा गया। महिला का कहना है कि उनके ससुराल वालो द्वारा आए दिन उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। बीते शनिवार को उनके ससुर द्वारा उनकी लाठी डंडों से पिटाई की जब वो इस बात की शिकायत लेकर रिसिया थाने पर गई तो पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा उस महिला को ही पुलिस द्वारा डराया धमकाया गया। किसी तरह महिला वहा से निकलकर एसपी ऑफिस पहुंची और मामले में शिकायती पत्र सौपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने सीओ को जांच के निर्देश दिए हैं।

## मैत्री क्रिकेट मैच का परिचय के साथ हुआ शुभारम्भ

संवाददाता, इटावा। दस्तक अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देशय से नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के डीसी हिमांशू कुमार व डीपीएम सुनील कुमार की देखरेख में नगर पालिका परिषद इटावा व आम नागरिकों के बीच एक मैत्री मैच का आयोजन इन्जीनियरिंग कालेज के पास बने क्रीडा स्थल पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के ब्रांड एंबेसडर हरिशंकर पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैत्री क्रिकेट मैच का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेल कूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कूड़ा प्रथक्करण के बारे में भी जानकारी दी। नगर पालिका परिषद इटावा के मुख्य सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाह द्वारा डस्टबिन का वितरण कर खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। नगर पालिका परिषद इटावा क्रिकेट टीम के कप्तान नथ्थी लाल कुशवाह (एसएफआई),उपकप्तान बृजेन्द्र सिंह,पवन नेगी,गोपाल,वसीम,विवेक शिवम,अनुराग,अन्नू ,अमन व शिवपाल तथा दूसरी टीम के कप्तान अयाज,जीशान,अमीर रजा,अरविन्द माथुर,इमरान खान,इशरा तुल्लाह,सलमान मंसूरी,अमरान खान,माहिर खान, मोहिसिन अन्सारी आदि मौजूद रहे।

## अनुबंधित बस व ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हादसे के मामले में जिलाधिकारी ने दिये जांच के आदेश

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। गत वर्ष नवंबर में आलमबाग डिपो की अनुबंधित बस व ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में ट्रैक्टर-ट्राली सवार एक की मौत होने व दो के घायलों के मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम महराजगंज को मजिस्ट्रेटिक जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम ने लिखित व मौखिक साक्ष्य हेतु समय सीमा निर्धारित करते हुए बताया है कि मामले में जिस किसी को भी लिखित व मौखिक साक्ष्य देना है, वह 21 फरवरी से 6 मार्च के मध्य कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे की समय सीमा के अंतर्गत प्रस्तुत होकर साक्ष्य दे सकता है। बताते चलें कि गत वर्ष 11 नवंबर की देर शाम बछरावां थाना क्षेत्र के नंदाखेड़ा गांव के पास आलमबाग, लखनऊ डिपो की अनुबंधित बस व ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार भिड़ंत हो गई थी। जिसमें ट्रैक्टर-ट्राली सवार सिविल लाइन जनपद फतेहपुर निवासी उज्जवल कुमार की मौत हो गई थी। वहीं घटना में ट्रैक्टर ट्राली सवार अजय कुमार निवासी फरीदपुर, हुसैनगंज जनपद फतेहपुर व अल्पेश गौतम निवासी हरिहरगंज कोतवाली सदर जनपद फतेहपुर घायल हुए थे। मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी महराजगंज धीरज श्रीवास्तव ने मजेस्ट्रिक जांच शुरू कर दी है।

## खेत पर सिंचाई कर रहे किसान पर जंगली जानवर ने किया हमला

संवाददाता, हरदोई। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के ईश्वर साईं गांव निवासी किशन कुमार 38 वर्ष पुत्र गोकरन अपने खेत में सुबह करीब 8 बजे गेहूं की सिंचाई कर रहे थे. तभी एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया ।इस हमले में किशन कुमार गंभीर घायल हो गए । वहीं किशन कुमार ने बताया कि उन्हें समझ में नहीं आ रहा आखिर जंगली जानवर कौन सा है. घायल को सीएचसी मल्लावां में इलाज किया जा रहा है और उसके गर्दन व पीठ में दाँत और पंजे के निशान बने हुए है ।

# नव सुसज्जित दा मसल यूनिसेक्ससेक्स जिम का भव्य शुभारंभ किया गया

संवाददाता, कानपुर। कल्याणपुर मस्वानपुर यूनाइटेड नगर में दा मसल यूनिसेक्स फिटनेस क्लब जिम का भव्य शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के दौरान जिम क्लब के एमडी नीतीश चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि हमारे आज नवनिर्मित जिम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कारपोरेट मलिक विजय कपूर के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया इस दौरान विशिष्ट अतिथि साहेब आलम का माला पहनाकर स्वागत किया आए हुए सभी शुभचिंतक एवं मित्र गणों का आभार व्यक्त किया नीतीश चौधरी ने लोगों से बात करते हुए बताया कि शहर में कई अत्याधुनिक और सुविधाओं से परिपूर्ण जिम स्थापित हो रहे हैं और जो लोग अपने शरीर की फिटनेस को लेकर जागरूक है उनको कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है जैसे कि महिलाएं और पुरुष दोनों को यही उम्मीद होती है कि एक जिम में अच्छे ट्रेनर के द्वारा उनको शरीर को मजबूत बनाने की एक उचित जानकारी दी जाएगी और ऐसा हर जगह उपलब्ध नहीं हो पाता ऐसे कई समस्याओं को देखते हुए हमने नए जिम की शुरुआत की है हमारे नव सुसज्जित जिम में पूर्ण रूप से वातानुकूलित पार्किंग फ्री एरिया फूड सप्लीमेंट और जो की बहुत ही महत्वपूर्णबात जिम में महत्व रखती है वह है प्रशिक्षित जिम ट्रेनर हमारे यहां पुरुष और महिलाओं के लिए चार संख्या में जिम ट्रेनर उपलब्ध है जो आपको एक सुडौल शरीर बनाने की सही जानकारी उपलब्ध कराएंगे और सभी बातों को ध्यान में रखते हुए फूड सप्लीमेंट से संबंधित बातें सही तरीके से बताई जाएंगी शुभारंभ के दौरान हमारे यहां 50 लोगों के लिए किसी भी प्रकार की रजिस्ट्रेशन फीस नहीं ली जाएगी शुरुआत के दिनों में 50 लोगों को यह सुविधा पूर्ण रूप से निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी और महिलाएं पुरुष दोनों को फ्री में जिम से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए उनके लिए एक विशेष समय उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें वहां अपने व्यस्त समय के बाद जिम में आकर ट्रेनिंग कर सकती है शहरवासियों से यही कहना चाहूंगा कि एक बार आए और इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने शरीर को बलवान और मजबूत बनाएं इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि साहेब आलम सत्यम विश्वजीत यादव सुधीर गौतम इमरान खान आयुष चौधरी शिवम आदि सहयोगी मित्र जन मौजूद रहे।



# भारत में पर्यटन की अपार संभावनाएं : प्रो.सिद्दीकी

## छात्र अपनी प्रतिभा को पहचानें व निखारें

संवाददाता

प्रयागराज। जगत तारन महाविद्यालय में भूगोल एवं प्राचीन इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय ट्रैवेल एंड टूरिज्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो.ए.आर. सिद्दीकी पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय थें। महाविद्यालय की प्राचार्या डा.दीपशिखा बनर्जी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा भूगोल विभाग की संयोजक डा. अर्चना पॉल ने मुख्य वक्ता का संक्षिप्त परिचय दिया। प्रो.सिद्दीकी ने प्रॉस्पेक्ट्स ऑफटूरिज्म




मैनेजमेंट विषय पर अपना व्याख्यान दिया। पर्यटन प्रबंधन की संभावनाओं पर विचार प्रकट करते हुए प्रो. सिद्दीकी ने कहा कि भारत मे पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं तथा नई शिक्षा नीति में यह एक महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने छात्राओं से सबसे पहले अपनी छिपी प्रतिभा को खोजने एवं निखारने को कहा जिसके लिए सतत जागरूक रहते हुए अन्वेषी दृष्टि रखनी चाहिए। उन्होंने पर्यटन प्रबंधन में जाने वाली छात्राओं के लिए भाषा एवं संचार की महत्ता एवं अच्छे प्रस्तुतिकरण को भी आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन डा. मीनाश्री यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डा.सुषमा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डा. अजिता ओझा, डा.दर्शन कु. झा,डा. अंशुमाला मिश्रा,डा. मधुकर तिवारी एवं श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला के सभी सत्रों में भाग लिया।

# डीएम ने इफ्को फूलपुर में बने नैनो यूरिया प्लांट का किया निरीक्षण



संवाददाता

प्रयागराज। तहसील समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने इफ्को फूलपुर में बने नैनो यूरिया प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर बनाये जा रहे यूरिया के बारे में जानकारी ली तथा इफ्को के प्रबंधक से कहा कि किसान भाईयों को नैनो यूनिया की उपयोगिता के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जाय जिससे वे इसका लाभ उठा सके।

# दबंग भूमाफिया ने किया रामलीला पार्क पर कब्जा विरोध में उतरे लोग



संवाददाता, कानपुर। सरकारी भूमि घेरकर कब्जा कर भूमाफिया। सार्वजनिक रामलीला और दशहरा मेला पार्क में कब्जा। भूमाफिया कब्जाई भूमि पर प्लॉट काटकर बेच रहे। कानपुर प्रशासन के आगे सीएम योगी के आदेश हुए बेअसर। स्थानीय लोगों ने सीएम योगी से की थी पार्क कब्जे की शिकायत। बुजुर्गों के खिलाफ भूमाफिया ने लिखवाया फर्जी रंगदारी का मुकदमा पुलिस ने भी भूमाफिया के इशारों पर नेत्रहीन व्यक्ति पर भी दर्जहुआ मुकदमा ।भूमाफियाओं ने शिकायतकर्ताओं पर दर्ज कराया रंगदारी का झूठा केस। सिद्धनाथ सिंहानिया और कैलाश सिंहानिया कर रहे सरकारी जमीन पर कब्जा। नौबस्ता यशोदा नगर के बजरंगपुरी पार्क का पूर्वा मामला। पीड़ित ने बताया।

# जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हापुड़ में सुनी फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण को दिये निर्देश

संवाददाता


हापुड़। हापुड़ जिलाधिकारी मेधा रूपम तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की उपस्थिति में तहसील सभागार हापुड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।

जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए, उप जिलाधिकारी हापुड़ से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए । उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा




समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए उस निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील हापुड में आज 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हापुड़ सुनीता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

# 15 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए भीम आर्मी की बैठक



संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ के भीम आर्मी उपाध्यक्ष नवीन कुमार व वीर सिंह ने जिला गौतम बुद्धनगर के दादरी विधानसभा क्षेत्र में हुई मीटिंग हिस्सा लिया आपको बता दें कि रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के उत्तर प्रदेश पश्चिमी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष व जिला अध्यक्षों की मीटिंग वृंदावन गार्डन दादरी रेलवे रोड पर आयोजित हुई जहाँ आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह के आदेशानुसार 15 मार्च 2023 को आयोजित होने वाले आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अधिवेशन के कार्यक्रम की रुपरेखा के आयोजन पर चर्चा के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की भीम आर्मी की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी थी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप भार्गव, विशिष्ट अतिथि के रूप में भीम आर्मी पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी कपिल आजाद व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी 6 मंडलों से अये मेरठ मंडल संयोजक भूपेंद्र,अलीगढ़ मंडल विनय पाल, उत्तर प्रदेश के सभी 26 जिलों के जिला संयोजक और मंडल संयोजक उपस्थित रहे।

# अवैध धर्मांतरण जैसी घटनाएं होने पर हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

संवाददाता

कानपुर। बहुसंख्यक हिंदू जनमानस की भावनाओं तथा अवैध धर्मान्तरण द्वारा हिंदू धर्म पर हो रहा प्रतिघात कानपुर नगर, राष्ट्रीय हिंदू संगठन के सदस्यों द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किये जाने को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी कानपुर को दिया गया, जिसमें भारत को हिंदू राष्ट्र जल्द से जल्द घोषित करने की मांग की गयी। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि भारत वैदिक सनातनी परंपराओं को मानने वालो का देश रहा है और वर्तमान में भी हिंदू धर्म के अनुयायियों की संया अधिक है। देश की आधी जनसख्या द्वारा अंगीकृत धर्म ही देश का धर्म होता है और विश्व के सभी देशों में ऐसा ही है।संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कुमार यादव ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि भारत



विभाजन विलेख के अनुसार हिंदू धर्म से विभिनन धर्मवलंबियों को उनकी मांग के अनुसार भारत भूमि का बडा भूभाग एक स्वतंत्र देश के रूप में दे दिया गया था, विश्व में हर धर्म पंथ के अपने अलग देश है लेकिन हिंदुओं का सिर्फ भारत है और ऐसे में यदि हिंदू को भारत से भगाया गया तो वह कहां जायेगा, इसलिए हिन्दुओं के अपने भारत देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाये। कहा जो लोग अलग राष्ट्र लेकर भी भारत में रह रहे है उन लोगों का धर्म कभी भी राष्ट्र का धर्म नही हो सकता और होना भी नही चाहिये। भारत से अलग हुए सभी देश धार्मिक आबादी के आधार पर धार्मिक देश हो सकते है तो भारत हिंदुओं का देश हिंदू राष्ट्र क्यों नही होना चाहिये। कहा कि आज से इस मांग को लेकर आंदोलन प्रारम्भ हो रहा है तथा भारत के हिंदू राष्ट्र घोषित होने तक संगठन आंदोलनरत रहेगा। ज्ञापन देने में संगठन मंत्री सुदेश शर्मा, आशीष दुबे, अमित दीक्षित, आलेक पांडे, नरेंद्र तिवारी, कुलदीप दुबे, आर्यन त्रिपाठी, दिव्या वर्मा, अवनीश द्विवेदी, पवन दीक्षित, आयुष शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव तथा संतोष बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# मन मष्तिक की मजबूती के लिए अच्छे विचार जरूरी : डा.अर्चना

## शक्ति और समर्थ्य न हो तो सब वेकार है : वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण पटेल

संवाददाता

प्रयागराज। मन मे बुरे विचार लाने से हमारी शक्तियाँ नष्ट हो रही है। हम सब को अपने मन मष्तिक को शक्तिशाली बनाने के लिए अच्छे-अच्छे बिचारो को लाकर अपने अन्दर के बुराईयो का परित्याग करके अपनी पाजिटिव शक्ति को बढ़ना होगा। आप सब अन्नदाता है। स्वर्णिम भारत की पहचान है धरती माँ के सच्चे पुत्र है जहरीले खेती से बचकर प्राकृतिक खेती को अपना कर स्वस्थ्य समाज का निर्माण करना होगा उक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रम्ह कुमारी सेंटर चाकघाट की प्रभारी वीके डा. अर्चना ने सोमवार को लोहरा गावं नारीबारी मे अपने विचारो ने क्षेत्रिय नर नारियो को नशा मुक्ति का मार्ग अपनाने और सच्चे शक्तिशाली विचारो से समाज निर्माण की बात कही। वही किंग जार्ज मेडिकल युनवर्सिटी लखनऊ के प्रोफेसर डा. भूपेन्द्र सिंह ने शिवरात्री के अध्यात्मिक रहस्य को लेकर ब्रम्ह कुमारी संस्था द्धारा मन को सकारात्मक कैसे बनाए? और जीवन मे ध्यान मे अपनाने को लेकर जीवन मे पिता के महत्व को बतलाते हुए कहा पहले के समय मे हम सब को आश्रम मे जाने से शक्ति और पवितत्रता का एहसास होता था। अब अपने घर को गृहस्त आश्रम बनाकर अपने नशे को त्यागकर सामाजिक बुराईयो का परित्याग कर अच्छे व्यक्ति का निर्माण करना होगा। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा.प्रवीण पटेल ने कहा सब कुछ हो शक्ति और समर्थ्य न हो तो सब वेकार है स्यमं शक्तिशाली होकर अपने समस्याओ का निदान करे। त्योथर ब्रम्ह कुमारी प्रभारी वीके सुनीता,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने भी अपने विचारो को रखते हुए कहा स्वस्थ्य मजबूत मन-मष्तिष्क ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। अच्छे भव्य कार्यक्रम की प्रसंसा किया। कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी सूर्यप्रताप सिंह सुधाकर ने अतिथियो का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए आभार




जताया।वही अतिथियो ने सामाजिक लोगो के साथ पिता तुल्य बुजुर्गो को अंगवस्त्रम भेटकर सम्मानित किया। जिसमे डा.भूपेन्द्र सिंह,आयोजक सुधाकर सिंह जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,वीके नीरज, हरिनारायण सिंह, अच्छेलाल सिंह, उदय राज सिंह, राजभर सिंह, गुलाब सिंह, राजमणि सिंह, बलवंत सिंह, गोविंद सिंह, धर्मराज पाल आदि रहें। अंत मे ध्वज लगाकर बुराईयो को त्यागने के संकल्प के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।भारी संख्यो में ग्रामीण नर-नारी बच्चे-बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ में फंसाने की धमकी से आहत होकर दी जान

संवाददाता, कन्नौज। जिले के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में युवक ने गांव के बाहर फांसी लगा कर जान दे दी थी। पुलिस ने रात के समय शव को मर्च्युरी में रखवा दिया, लेकिन सुबह मेडिकल कॉलेज पहुंचे परिजनों ने गांव के ही लोगों पर ब्लैकमेल करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।पोस्टमार्टम के लिए शव नहीं ले जाने दिया, जब तिर्वा कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की तब परिजन शांत हुए। मामला तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के भुनियापुर गांव का है। यहां के रहने वाले संजय समेत तीन लोगों पर गांव की ही एक युवती ने 16 नवम्बर 2021 को छेड़छाड़ के आरोप लगा दिए थे। मामला कोतवाली पहुंचा तो केस के बदले तीनों आरोपियों से डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का पुलिस ने सौदा करवा दिया था। रुपए मिलने के बाद युवती और उसके परिजन शांत हो गए थे। लेकिन, 2 दिन पहले फिर संजय को छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया गया।

## खण्ड विकास अधिकारी हापुड़ को दी गयी विदाई,कार्यकाल को यादकर भावुक हुए अधिकारी

संवाददाता, हापुड विकास खण्ड के सभागार में सोमवार को आयोजित समारोह मे खण्ड विकास अधिकारी हापुड़ सतेन्द्र सिंह को अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावपूर्ण विदाई दी। हाल ही में उनकी प्रोन्नति जनपद मैनपुरी में जिला परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण के पद पर हुई है। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें कुशल नेतृत्व का धनी और दूरदर्शी विजन वाला अधिकारी बताया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि 14 महीने के उनके कार्यकाल में उनसे बहुत कुछ नया सीखने को मिला। समारोह की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर जला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, डी0 सी0 एन0 आर0एल0एम0 आशा देवी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रमोद कुमार, जी0एम0 डी0आई0सी0 शैलेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी धौलाना अभिमन्युसेठ, खण्ड विकास अधिकारी सिम्भावली डा0 हरित कुमार, सभी सहायक विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## क्रिकेटर कार्तिक त्यागी को मिला राष्ट्रीय गौरव सम्मान

संवाददाता, हापुड़ से डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश भारत द्वारा क्रिकेटर कार्तिक त्यागी को डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय गौरव सम्मान व चांदी का पैन देकर सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी व न्यायपीठ के अध्यक्ष अभिषेक त्यागी द्वारा सम्मानित किया गयाआपको बता दें कि सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम धनोरा जनपद हापुड़ के निवासी कार्तिक त्यागी द्वारा क्रिकेट के क्षेत्र में जनपद हापुड़ ही नहीं बल्कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया गया, इसी के साथ साथ सैकड़ों हजारों युवाओं को कार्तिक त्यागी से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली जिसके लिए कार्तिक त्यागी को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय गौरव सम्मान अवार्ड देकर सम्मानित किया गयाटीएफसी रेस्टोरेंट के ओनर व सोसाइटी के चीफकोऑर्डिनेटर तैमूर खान ने कार्तिक त्यागी को सोसाइटी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सोसाइटी उभरती हुई प्रतिभाओं को सहयोग देकर आगे बढ़ाने का कार्य करती है वह समय-समय पर जन जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैंइस मौके पर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मजिस्ट्रेट अभिषेक त्यागी, रिाशिद आदि महानुभाव व सोसाइटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे'।

## डीआरएम क्रिकेट कप का डीएसए ग्राउंड में हुआ शुभारम्भ

संवाददाता, प्रयागराज। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास का श्रोत है। यह हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण मे सहायक है वही दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास मे लाभकारी है। खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है साथ ही साथ हमारे शरीर को हस्ट-पुस्ट गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने मे सहायक होते है। चाहे विद्यालय हो या कार्यस्थल व्यक्ति को हमेशा शारीरिक गतिविधिया करती रहनी चाहिए। इसी कड़ी में सोमवार से उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के तत्वाधान में इंटर डिपार्टमेंट डीआरएम कप का आयोजन डी. एस.ए ग्राउंड पर शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में प्रयागराज मण्डल के विभिन्न विभागों की 12 टीमों ने भाग लिया है। इस टूर्नामेंट का सेमी फाइनल 25 एवं फाइनल 26 फरवरी को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का उदघाटन मैच परिचालन और इलेक्ट्रिक सामान्य विभाग के मध्य खेला गया।


# सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील फूलपुर

## जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं



संवाददाता, प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को फूलपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नरेश कुमार निषाद निवासी उत्तमपुर झूंसी ने दबंगों के द्वारा उनके प्लाट पर जबर्दस्ती कब्जा किए जाने की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी फूलपुर एवं थानाध्यक्ष को मौके पर जाकर मामले की जांच कर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार अशोक कुमार द्विवेदी निवासी शेरडीह झूंसी ने चकरोड़ पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके पर जाकर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये है। रामनेवाज निवासी मंसूरपूर परगना सिकंदरा तहसील फूलपुर के द्वारा चारागाह की भूमि का सीमांकन कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया जिसपर उपजिलाधिकारी फूलपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# कराची में पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर हमला, पांच पाकिस्तानी तालिबानी आतंकवादी मारे गए



एजेंसी, पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले शहर कराची में पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर हमला करने वाले तहरीक-ए-तालिबान (पाकिस्तान) के पांच आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया और कार्यालय पर फिर से नियंत्रण कर लिया। पांच मंजिला इमारत को फिर से नियंत्रण में लेने के लिए लगभग चार घंटे तक चला अभियान रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर समाप्त हुआ। टीटीपी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भारी गोलीबारी में दो पुलिस कांस्टेबल, एक रेंजर्स कर्मी और एक आम नागरिक सहित चार अन्य लोगों की भी मौत हो गई। एक वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र ने कहा कि अभियान के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि तीन आतंकवादी गोलीबारी के दौरान मारे गए जबकि दो ने खुद को बम विस्फोट करके उड़ा लिया जिससे इमारत के एक तल को भी कुछ नुकसान पहुंचा। सिंध सरकार के प्रवक्ता मुर्तजा वहाब ने ट्विटर पर कहा कि वह इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि कराची पुलिस कार्यालय (केपीओ)की इमारत को फिर से नियंत्रण में ले लिया गया है। उन्होंने कहा, ''तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।'' उन्होंने कहा कि दो पुलिसकर्मियों, रेंजर का एक कर्मी और एक आम नागरिक सहित चार अन्य लोग की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। हमला करने वाले और इमारत में घुसने वाले आतंकवादियों की संख्या को लेकर विरोधाभासी सूचना हैं, लेकिन पुलिस सूत्रों ने उनकी संख्या आठ बताई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''भवन पर नियंत्रण करने के बाद अब तलाशी अभियान चलाया जा रहा है जिसके बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।'' उन्होंने कहा, ''पहचान की प्रक्रिया अब भी जारी है, हम यह बता सकें कि वास्तव में कितने आतंकवादियों ने इमारत पर हमला किया, इसमें कुछ समय लगेगा।'' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (डीआईजी दक्षिण) इरफान बलूच ने कहा कि उन्हें दो कार मिलीं जिनके दरवाजे खुले हुए थे, एक कार इमारत के पीछे के प्रवेश द्वार पर और दूसरी सामने की तरफ थी जिसमें शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर आतंकवादी आए थे।

# नष्ट की गई तीन संदिग्ध वस्तुओं के चीनी जासूसी गुब्बारा कार्यक्रम से संबंध का संकेत नहीं : बाइडन

## अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने संबंधी प्रस्ताव अमेरिकी संसद में पेश



एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बताया कि अमेरिका और कनाडा के हवाई क्षेत्र में इस महीने नष्ट की गईं तीन संदिग्ध वस्तुओं के चीनी जासूसी गुब्बारा कार्यक्रम से संबंध का कोई संकेत नहीं मिला है और ये वस्तुएं संभवतरू निजी कंपनियों या अनुसंधान संस्थानों से संबंधित थीं। साउथ कैरोलाइना में अटलांटिक महासागर के तट पर एक चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस में अपने पहले संबोधन में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने तीन अन्य वस्तुओं को मार गिराया जिनमें दो को अमेरिका और एक को कनाडा में नष्ट किया गया। चीनी गुब्बारे को मार गिराने के मद्देनजर चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीजिंग के साथ संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। बाइडन ने अमेरिका और कनाडा के हवाई क्षेत्र में इस महीने नष्ट की गई तीन संदिग्ध वस्तुओं का जिक्र करते हुए कहा, ''अमेरिका और कनाडा की सेना मलबे को प्राप्त करने का प्रयास कर रही है ताकि वे इन तीन वस्तुओं के बारे में और जान सकें। खुफिया समुदाय अब भी तीनों घटनाओं का आकलन कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम अब तक ठीक से नहीं जानते कि ये तीन वस्तुएं क्या थीं। अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्या वे चीन के जासूसी गुब्बारे कार्यक्रम से संबंधित थीं या वे किसी अन्य देश के निगरानी यान थे।'' बाइडन ने कहा, ''खुफिया समुदाय का फिलहाल यही अनुमान है कि ये तीन वस्तुएं संभवतरू ऐसे गुब्बारे थीं, जिनका संबंध निजी कंपनियों, मनोरंजन या मौसम का अध्ययन करने वाले या अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान करने वाले अनुसंधान संस्थानों से था।''उन्होंने कहा, ''मैंने शुरुआत से ही कहा है कि हमें चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहिए न कि संघर्ष। हम नया शीत युद्ध नहीं चाहते। हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। हम जिम्मेदारी के साथ इस प्रतिस्पर्धा को अंजाम देंगे ताकि यह संघर्ष में नहीं बदले।''


बाइडन ने चीनी गुब्बारे को नष्ट किए जाने के मद्देनजर कहा, ''यह प्रकरण हमारे राजनयिकों और हमारे सैन्य पेशेवरों के बीच खुले संवाद को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे राजनयिक आगे भी संवाद में शामिल होंगे और मैं भी (चीन के) राष्ट्रपति शी (चिनफिंग) के साथ संवाद बनाए रखूंगा। मैं हमारे खुफिया, राजनयिक और सैन्य पेशेवरों के पिछले कई हफ्तों में किए कार्य के लिए उनका आभारी हूं, जिन्होंने एक बार फिर साबित किया है कि वे दुनिया में सबसे सक्षम हैं।'' बाइडन ने कहा कि उन्होंने चीनी निगरानी गुब्बारों को जल्द से जल्द मार गिराने का आदेश दिया था, क्योंकि यह सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी था। उन्होंने कहा, ''सेना ने इसके विशाल आकार को देखते हुए इसे जमीनी क्षेत्र के ऊपर मार गिराने से बचने की सलाह दी थी जो कई स्कूल बस के आकार के बराबर था और अगर इसे थल क्षेत्र के ऊपर मार गिराया जाता तो यह जमीन पर मौजूद लोगों के लिए खतरा हो सकता था।'' उन्होंने कहा, ''इसके बजाय हमने इसकी बारीकी से निगरानी की, हमने इसकी क्षमताओं का विश्लेषण किया और हमने इसके बारे में और जानकारी जुटाई कि यह कैसे काम करता है।'' बाइडन ने कहा, '' हमने तब तक इंतजार किया जब तक यह जल क्षेत्र के ऊपर सुरक्षित नहीं पहुंच गया। इससे न केवल नागरिकों की रक्षा होती बल्कि आगे के विश्लेषण के लिए हम इसके पर्याप्त घटकों को पुनरू प्राप्त भी कर पाते। फिर हमने एक स्पष्ट संदेश भेजते हुए इसे मार गिराया।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिकी संप्रभुता का उल्लंघन अस्वीकार्य है।' नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर ''यथास्थिति को बदलने की'' चीन की सैन्य आक्रामकता का विरोध करते हुए अमेरिकी सीनेट में अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने के लिए बृहस्पतिवार को एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन द्वारा सैन्य बल के उपयोग, विवादित क्षेत्रों में गांवों के निर्माण, भारतीय राज्य अरुणाचल के शहरों एवं क्षेत्रों के लिए मंदारिन भाषा के नामों के साथ मानचित्रों का प्रकाशन करने तथा भूटान में चीन के क्षेत्रों के विस्तार समेत चीनी उकसावे की निंदा की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के अपना क्षेत्र होने का दावा करता है और इसे वह 'दक्षिण तिब्बत' कहता है और उसने अपनी आक्रामक और विस्तारवादी नीतियों के तहत ये दावे किए हैं। डेमोक्रेट पार्टी के नेता जेफ मर्कले और रिपब्लिकन नेता बिल हैगर्टी द्वारा पेश किए गए द्विदलीय प्रस्ताव में कहा गया है, ''अमेरिका अरुणाचल प्रदेश राज्य को एक विवादित क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है।'' इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष एवं सीनेटर जॉन कॉर्निन ने इस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया है। सीनेट का प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावों का विरोध करते हुए इस बात की पुष्टि करता है कि अमेरिका मैकमोहन रेखा को चीन और भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देता है। मैकमोहन रेखा 1914 में भारत की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार और तिब्बत के बीच शिमला समझौते के तहत अस्तित्व में आई थी। इस सीमारेखा का नाम भारत में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के विदेश सचिव सर हैनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया था, जिनकी इस समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका थी। मर्कले ने कहा, ''यह प्रस्ताव स्पष्ट करता है कि अमेरिका भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश को चीन के नहीं, बल्कि भारत के हिस्से के रूप में देखता है और समान विचारधारा वाले अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के मिलकर क्षेत्र को समर्थन और सहायता देने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता जताता है।'' प्रस्ताव में चीन के कारण सुरक्षा को पैदा हुए खतरे एवं उसकी आक्रामकता के खिलाफ अपनी रक्षा के लिए कदम उठाने पर भारत की सराहना की गई है।'

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मुंबई में राज कपूर का बंगला खरीदा




एजेंसी, नयी दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने कहा कि उसने मुंबई के चेंबूर में दिग्गज फिल्म अभिनेता, निर्देशक और निर्माता राज कपूर के बंगले को खरीदा है। कंपनी की योजना इस जगह पर एक लग्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह जमीन राज कपूर के कानूनी वारिस कपूर परिवार से खरीदी गई है। संपर्क करने पर गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज नेबताया, जमीन का कुल आकार करीब एक एकड़ है। हम इस भूखंड पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करेंगे। उन्होंने कहा, परियोजना की बिक्री आय लगभग 500 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। उन्होंने गोपनीयता का हवाला देते हुए सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक और सीईओ गौरव पांडेय ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित परियोजना को अपने पोर्टफोलियो में जोड़कर खुश हैं और यह मौका देने के लिए हम कपूर परिवार के आभारी हैं। संपर्क करने पर रियल एस्टेट सलाहकार एनरॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने बताया, चेंबूर में एक एकड़ जमीन का बाजार मूल्य 100-110 करोड़ रुपये होगा। चेंबूर बीकेसी (बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स) से अच्छी तरह जुड़ा हुआ एक बेहतरीन आवासीय बाजार है। दिवंगत राज कपूर के पुत्र और फिल्म अभिनेता रणधीर कपूर ने सौदे पर टिप्पणी करते हुए कहा, चेंबूर में इस आवासीय संपत्ति का हमारे परिवार के लिए बहुत भावनात्मक और ऐतिहासिक महत्व रहा है। हम एक बार फिर गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ जुड़कर खुश हैं। इससे पहले मई 2019 में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गोदरेज आरकेएस परियोजना विकसित करने के लिए कपूर परिवार से चेंबूर में आर के स्टूडियो का अधिग्रहण किया था।

# जीएसटी परिषद 1.5 करोड़ रुपये तक सालाना कारोबार को दे कर छूट : जीटीआरआई




एजेंसी, नयी दिल्ली। आर्थिक विचार समूह जीटीआरआई ने कहा कि जीएसटी परिषद को कर छूट सीमा बढ़ाकर सालाना 1.5 करोड़ रुपये कारोबार तक करने के साथ ही राज्यवार पंजीकरण की जरूरत खत्म करने के बारे में भी सोचना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक बयान में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के बारे में नीतिगत निर्णय करने वाली इकाई जीएसटी परिषद को अब कर अनुपालन को सुगम बनाकर फायदे बढ़ाने की जरूरत पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए उसने सात सुधारों का सुझाव भी दिया है। इन सुझावों में 1.5 करोड़ रुपये तक सालाना कारोबार वाली फर्मों को जीएसटी से छूट देने का प्रस्ताव सबसे अहम है। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करना देश की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों के लिए पासा पलटने वाला साबित होगा और वे नए रोजगार देने के साथ वृद्धि को भी रफ्तार दे सकेंगी। फिलहाल 40 लाख रुपये से कम सालाना कारोबार वाली उत्पाद फर्मों को ही जीएसटी पंजीकरण से बाहर रहने की छूट मिली हुई है। वहीं सेवा फर्मों के मामले में यह दायरा 20 लाख रुपये कारोबार तक सीमित है। जीटीआरआई ने कहा, कुल पंजीकृत फर्मों में से 1.5 करोड़ रुपये से कम सालाना कारोबार वाली फर्मों की संख्या करीब 84 प्रतिशत है। लेकिन कुल संग्रहीत कर में इनकी भागीदारी सात प्रतिशत से भी कम है। अगर कर छूट की सीमा बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये की जाती है तो जीएसटी प्रणाली पर बोझ घटेगा और उन्हें 23 लाख से भी कम करदाताओं से निपटना होगा। जीएसटी नेटवर्क पर 1.4 करोड़ से भी अधिक फर्में पंजीकृत हैं। इस तरह यह अप्रत्यक्ष करों का सबसे बड़ा वैश्विक मंच है। जीटीआरआई ने कहा कि जीएसटी नेटवर्क पर बोझ घटने से बिलों एवं रसीदों के मिलान की संकल्पना लागू हो पाएगी और फर्जी बिल एवं कर चोरी की समस्या भी काफी हद तक दूर हो जाएगी। इससे होने वाले लाभ 1.5 करोड़ रुपये तक के कारोबार वाली फर्मों को बाहर करने से होने वाले सात प्रतिशत कर नुकसान से कहीं अधिक होंगे। इसके साथ ही विचार समूह ने राज्य-वार पंजीकरण की जरूरत खत्म करने के बारे में जीएसटी परिषद से गौर करने का अनुरोध किया है। फिलहाल कोई कंपनी अगर दस राज्यों में कारोबार करती है तो उसे सभी जगह पर जीएसटी नंबर लेना होगा। इससे उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने में समस्या होती है।

## भारतीय मूल के नील मोहन होंगे यूट्यूब के नए सीईओ

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारतीय मूल के नील मोहन दुनिया के सबसे बड़े वीडियो शेयरिंग मंच यूट्यूब के अगले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगे। इसके साथ ही अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष पद पर भारतीय मूल का एक और शख्स काबिज हो जाएगा। यूट्यूब का स्वामित्व रखने वाली कंपनी गूगल के सीईओ के पद पर भी भारतीय मूल के सुंदर पिचाई ही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला, आईबीएम के प्रमुख अरविंद कृष्ण और एबोड के प्रमुख शांतनु नारायण के भी संबंध भारत से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2008 में गूगल से जुड़ने वाले मोहन को वर्ष 2015 में यूट्यूब का मुख्य उत्पाद अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस पद पर रहते हुए वह यूट्यूब मंच पर शॉर्ट्स, म्यूजिक और ग्राहकी की पेशकश लेकर आए। गूगल से पहले वह करीब छह वर्षों तक डबलक्लिक से जुड़े हुए थे लेकिन वर्ष 2008 में गूगल ने उसका अधिग्रहण कर लिया। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक होने के बाद उन्होंने विज्ञापन एवं उत्पाद क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया था। यूट्यूब की कमान मोहन के हाथ में आने के साथ ही दुनिया की एक और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी भारतीय मूल के शख्स के नेतृत्व में आ जाएगी। नोकिया इंक के सीईओ राजीव सूरी और मास्टरकार्ड के सीईओ अजयपाल सिंह बंगा का भी जन्म और शुरुआती पालन-पोषण भारत में ही हुआ था।

## रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 82.84 प्रति डॉलर पर

एजेंसी, मुंबई । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 82.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और विदेशों में डॉलर के मजबूत होने से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.77 पर खुला। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव की तुलना में 14 पैसे की गिरावट के साथ 82.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान रुपये ने 82.73 के उच्चस्तर और 82.85 के निचले स्तर को छुआ। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.59 प्रतिशत बढ़कर 104.47 हो गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.75 प्रतिशत घटकर 83.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 316.94 अंक की गिरावट के साथ 61,002.57 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,570.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## भारतीय-अमेरिकी महिला की हिला देने वाली करतूत आई सामने, दो महिलाओं से जबरन करवाती थी काम

एजेंसी, न्यूजर्सी । न्यूजर्सी में एक भारतीय-अमेरिकी महिला ने वैध दस्तावेज के बगैर भारत से दो महिलाओं को अपने पास रखने और उन्हें उनका मेहनताना नहीं देने का जुर्म वीरवार को कबूल लिया। न्याय विभाग ने कहा कि याचिका के समझौते के अनुसार हर्षा साहनी ने पीड़ितों को कुल 642,212 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने और एक पीड़ित के ब्रेन एन्यूरिज्म (दिमाग की किसी नस का फैलकर उसमें खून भर जाने से उसका कमजोर हो जाना) के इलाज के लिए 200,000 अमेरिकी डॉलर के भुगतान पर सहमति जताई। साहनी ने इस रकम को इंटर्नल रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) को भुगतान करने पर भी सहमति जताई। दस्तावेजों के अनुसार 2013 से अगस्त 2021 तक साहनी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर भारत से दो विदेशी नागरिकों को छुपाने और शरण देने की साजिश रची, जिन्हें साहनी ने न्यूजर्सी में अपने घर पर अपनी और अपने परिवार की मदद के लिए रखा था।

# गेल अमेरिकी एलएनजी परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी




एजेंसी, नयी दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल अमेरिकी एलएनजी परियोजना में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रही है। कंपनी ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति के स्रोत बढ़ाने के मद्देनजर यह फैसला किया।

यूक्रेन पर आक्रमण के कारण मास्को पर पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते गेल (इंडिया) लिमिटेड पिछले साल रूस के स्वामित्व वाली गाजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग (जीएमटीएस) से अनुबंधित एलएनजी नहीं पा सकी थी। जिसके बाद उनकी आपूर्ति बाधित हुई। कंपनी ने अमेरिका स्थित तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) द्रवीकरण संयंत्रों से अभिरुचि पत्र (ईओआई) मांगने के लिए एक निविदा जारी की है। मौजूदा संयंत्र या 2027 तक चालू होने वाले संयंत्र ईओआई जमा कर सकते हैं। द्रवीकरण संयंत्र प्राकृतिक गैस को तरल रूप में परिवर्तित करते हैं, ताकि इसे समुद्र के रास्ते लाया जा सके। निविदा दस्तावेज के अनुसार कंपनी 2026 की अंतिम तिमाही से 15 वर्षों तक संयंत्र से प्रति वर्ष 10 लाख टन एलएनजी खरीदना चाह रही है। गेल आपूर्ति अनुबंध को और पांच से 10 वर्षों तक बढ़ाने के लिए तैयार है। ईओआई जमा करने की अंतिम तारीख 10 मार्च है। गेल के पास पहले ही अमेरिका से 58 लाख टन एलएनजी खरीदने का अनुबंध है और रूस से आपूर्ति घटने के साथ अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी और अधिक आपूर्ति की तलाश में है।

# वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिकी क्षमता को लेकर आशान्वित हूं : रिचर्ड वर्मा



एजेंसी, वाशिंगटन। भारतीय मूल के अमेरिकी एवं भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने कहा है कि दुनिया में आज चुनौतियों की कमी नहीं है और वह वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिका की क्षमता को लेकर आशान्वित हैं। वर्मा (54) ने प्रबंधन एवं संसाधन के लिए अमेरिका के उप विदेश मंत्री पद पर अपनी नियुक्ति की पुष्टि संबंधी सुनवाई के दौरान सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों के समक्ष बृहस्पतिवार को यह कहा। यदि इस पद के लिए वर्मा के नाम की पुष्टि हो जाती है, तो वह विदेश मंत्रालय में सबसे ऊंचे ओहदे वाले भारतीय अमेरिकी होंगे। प्रबंधन एवं संसाधन के लिए अमेरिका के उप विदेश मंत्री को विदेश मंत्रालय के 'चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर' के रूप में भी जाना जाता है। वर्मा ने कहा, ''दुनिया के सामने आज चुनौतियों की कमी नहीं है। यूक्रेन में युद्ध से लेकर, महाशक्ति बनने को लेकर नए सिरे से प्रतियोगिता और अंतरराष्ट्रीय खतरों के बदलते स्वरूपों तक कई चुनौतियां हैं। इनसे कोई भी आसानी से हतोत्साहित हो सकता है, लेकिन उम्मीद की एक किरण है। मैं वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिका की क्षमता को लेकर वास्तव में बहुत आशावान हूं।'' वर्मा ने सांसदों से कहा कि वह करदाताओं के डॉलर का लगातार प्रबंधन और निगरानी करेंगे। सीनेटर बेन कार्डिन ने वर्मा का परिचय कराते हुए समिति से कहा, ''रिचर्ड के पिता प्रोफेसर कमल वर्मा, जो हमारे साथ आज यहां है, वह एक अमेरिकी प्रवासी की सफलता का सटीक उदाहरण हैं। वह 1963 में 14 डॉलर और बस का एक टिकट लेकर अमेरिका आए थे। उनके पास और कुछ नहीं था। परिवार नहीं था। किसी की मदद नहीं थी। इसके बावजूद वह जॉनस्टाउन स्थित पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, जहां उन्होंने अंग्रेजी और दक्षिण एशियाई साहित्य के विद्वान के रूप में 43 वर्षों तक पढ़ाया।'' उन्होंने रिचर्ड को इस पद के लिए योग्य बताते हुए कहा कि रिचर्ड अमेरिकी एयर फोर्स में सेवाएं दे चुके हैं, उन्होंने सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कई साल सीनेट में काम किया, वह पूर्व सहायक विदेश मंत्री हैं, अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं और अब अमेरिका की प्रतिष्ठित कंपनी मास्टरकार्ड कार्डिन के जनरल कांउसल हैं।

# पाक स्थित टीटीपी, हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी संगठन के दर्जे में कोई बदलाव नहीं : ब्लिंकन


एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक समीक्षा बैठक के बाद कहा कि पाकिस्तान स्थित और कश्मीर केंद्रित हिज्बुल मुजाहिदीन और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) वैश्विक आतंकवादी संगठन बने रहेंगे और उनके दर्जे में बदलाव का कोई कारण नजर नहीं आता। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, हिज्बुल मुजाहिदीन और आर्मी ऑफ इस्लाम (एवं अन्य सहयोगी संगठनों) के विदेशी आतंकवादी संगठनों के दर्जे पर समीक्षा बैठक के बाद बृहस्पतिवार को संघीय रजिस्टर में ब्लिंकन का बयान अधिसूचित किया गया। ब्लिंकन ने कहा कि प्रशासनिक रिकॉर्ड की ''समीक्षा'' और अटॉर्नी जनरल तथा वित्त मंत्री से विचार विमर्श के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचे कि जिन परिस्थितियों के आधार पर इन्हें विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था वे अब भी नहीं बदली हैं। उन्होंने कहा, ''अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा इनके दर्जे में बदलाव की अनुमति नहीं देती।'' ब्लिंकन ने कहा, ''इसलिए मैं उपर्युक्त संगठनों का विदेशी आतंकवादी संगठन का दर्जा बनाए रखने की मंजूरी देता हूं।'' आम तौर पर पाकिस्तान तालिबान के नाम से मशहूर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को एक सितंबर, 2010 को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था। इसके नेताओं हकीमुल्ला महसूद और वली उर-रहमान का नाम भी विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल है। कश्मीर केंद्रित हिज्बुल मुजाहिदीन को अमेरिका, कनाडा, भारत और यूरोपीय संघ ने वैश्विक आतंकवादी संगठन की सूची में शामिल किया हुआ है।

## टीवी सीरियल गुम है किसी के प्यार में, दो सालो का सफर पूरा होते ही नील भट्ट ने चुप्पी तोड़ दिया हेटर्स को जवाब




स्टार प्लस का मोस्ट पॉपुलर टीवी शो गुम है किसी के प्यार में इन दिनों अपने क्लाइमैक्स और एंटरटेनमेंट के चलते खूब चर्चाओं में नजर आ रहा है। वही शो के एक्टर विराट और पाखी के रिश्तों के चलते शो पहले से ही आए दिन ट्रोल होता नजर आता है। बता दे ऐश्वर्य और नील टॉप 5 जोड़ियों में से एक है। हाल ही में इस शो को पूरे दो साल हो गए है इस खास मौके पर सीरियल के सेट पर एक खास सेलिब्रेशन हुआ जहा शो के कास्ट एंड क्रू से लेकर डायरेक्टर तक शो में नजर आए। इस दौरान सभी को शो के सफर का भाग बनने के लिए अवार्ड दिया गया। वही सीरियल अपनी एसीपी की भूमिका में नजर आने वाले विराट उर्फ नील भट्ट ने शो के दौरान अपना अनुभव शेयर किया साथ ही अपने हेटर्स और ट्रॉलर्स को करारा जवाब दिया। दरअसल, पाखी और विराट रियल लाइफ में हसबैंड वाइफ है, और शो में पाखी का नेगेटिव रोल जिस कारण उनको पसंद नहीं किया जाता। नील भट्ट ने अपनी बात रखते हुए कहा मैं पिछले दो सालों से गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं। यह शो उन सभी की मदद के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने इस पर काम किया हैं। जब भी अच्छे लोग एक साथ आते हैं, तो रिजल्ट भी अच्छा ही होता है। गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनना एक रोलरकोस्टर राइड रही है। इसके बाद नील ने नहा मैं अपने समर्थकों का आभारी हूं जिन्होंने मेरे इस किरदार को और मुझे काफी पसंद किया, इस सफर का दो साल तक हिस्सा बनना बड़ी बात है और मैं उन सभी फैंस का आभारी हु जिन्होंने मुझे मेरी जर्नी और किरदार को पसंद किया।

>>> बॉलीवुड <<<



## सामंथा रुथ प्रभु ने पुष्पा 2 के ऑफर को मारी लात! पैसे नहीं तो, ठुकराने की वजह

फिल्म पुष्पा को फैंस ने जितना पसंद किया था उतना ही उन्हें फिल्म का गाना ऊ अंटावा भी पसंद आया था। इस गाने ने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया। चाहे इसके लिरिक्स हो या फिर सामंथा रुथ प्रभु के कातिलाना डांस मूव्स, गाने को हिट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। नतीजा ये निकला की फिल्म का ये आइटम सॉन्ग रिलीज होते के साथ ही हिट हो गया और लोग आज भी इस गाने में सामंथा रुथ प्रभु और अल्लू अर्जुन की केमिस्ट्री को भुला नहीं पा रहे। वहीं, इस फिल्म को सीक्वल को लेकर पिछले कई दिनों से खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, पहले पार्ट को मिली सक्सेस के बाद मेकर्स पुष्पा 2 में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। शायद यही कारण है कि फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने पुष्पा 2 में भी सामंथा के आइटम सॉन्ग की प्लानिंग की थी। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि उनकी ये प्लानिंग फेल होती नजर आ रही हैं। दरअसल, ऐसी खबरें हैं कि सामंथा रुथ प्रभु ने पुष्पा 2 में आइटम सॉन्ग करने का ऑफर ठुकरा दिया है। जी हां, एक रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा रुथ प्रभु को पुष्पा के निर्देशक ने सीक्वल में एक आइटम नंबर करने का ऑफर दिया था लेकिन एक्ट्रेस ने ये आइटम नंबर करने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं ये भी कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी में जोड़ने के लिए एक छोटा सा रोल भी ऑफर किया था, लेकिन एक्ट्रेस ने इस ऑफर को भी लात मर दी। ऐसे में सवाल ये उठता है कि सामंथा रुथ प्रभु ने ये सुनेहरा मौका अपने हाथ से जाने क्यों दिया। वैसे एक्ट्रेस के इस फैसले की असली वजह तो सामने नहीं आई है लेकिन यही कहा जा रहा है कि अपने करियर के इस मुकाम पर फिलहाल वो कोई भी आइटम नंबर करने के लिए तैयार नहीं हैं। वो नहीं चाहती हैं कि वो एक और बोल्ड आइटम सॉन्ग कर टाइपकास्ट हो जाएं। ऐसे भी अंदाजे लगाए जा रहे हैं कि सामंथा रुथ प्रभु, तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री को इग्नोर कर रही हैं। वैसे कुछ इस तरह की रूमर्स भी सामने आई हैं कि उनकी शादी ऐसे ही किसी प्रोजेक्ट की वजह से टूटी है। पहले फैमिली मैन में एक्ट्रेस ने बोल्ड सीन्स दिए और फिर पुष्पा में आइटम नंबर किया, जिसपर उनके एक्स हसबैंड नागा चौतन्य को आपत्ति थी।




## फराह खान की पार्टी में अकेली पड़ गयी थी प्रियंका, तो वही अब्दू रोजिक और शिव के डांस ने किया सबको एंटरटेन



फराह खान के लिए 'बिग बॉस 16' का ये सीजन काफी खास नजर आया जहाँ शो में एक ओर उनके भाई भी हिस्सा लेते दिखे थे तो वही शो में बाकी सब कंटेस्टेंट के साथ भी उनकी बॉन्डिंग काफी स्ट्रांग होती देखने को मिली। साजिद की मंडली (शिव, स्टेन, अब्दू, निमृत, सुंबुल) भी फराह के काफी करीब हो चूँकि हैं। जिस 'बिग बॉस 16' (ठपहह ठवे 16) के फिनाले के बाद फराह खान ने अपने घर पर एक शानदार पार्टी भी होस्ट की थी, जिसमें सिर्फ कंटेस्टेंट्स ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड जगत से लेकर खेल जगत से जुड़े और भी कई सितारे नजर आए थे। फरहा खान की इस पार्टी से जुड़े कई फोटोज और वीडियोस भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जहां इस पार्टी में कड़ी बड़ी हस्तियों ने अपनी शिरकत की थी तो वही पार्टी में बिग बॉस के कंटेस्टेंट ने भी अपनी जान लगाकर पार्टी में आये सभी लोगो को खूब एंटरटेन किया। इस बीच डायरेक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक और वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने दिखाया है कि उनकी पार्टी में कौन–कौन शामिल हुआ था। फराह ने वीडियो की शुरुआत प्रियंका चाहर चौधरी से की जोकि फिनाले में टॉप 3 तक अपनी जगह बनाये हुए थी, वीडियो में प्रियंका हाथ में ग्लास लिए अकेले खड़ी हुई थीं, जिस दौरान उन्होंने पिंक कलर की ड्रेस पहनी हुई थी।इसके बाद उन्होंने अपना कैमरा गीता कपूर से, फिल्मी एक्टर अरबाज खान, राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा, सानिया मिर्जा, निशांत भट्ट, केन, हुमा कुरैशी, अर्चना गौतम के भाई गुलशन, शो के विनर एमसी स्टेन, अर्चना गौतम, साजिद खान, मान्या सिंह, शालीन भनोट समेत सभी सितारों को दिखाया। इस वीडियो शूट के दौरान स्टेज पर अब्दू रोजिक और शिव ठाकरे शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के गाने पर डांस करते हुए नजर आ रहे थे। फराह खान की इस बिग बॉस पार्टी में यूं तो सभी सितारों ने जमकर मस्ती की, लेकिन पार्टी में शो का हिस्सा रह चुके अंकित गुप्ता नहीं दिखाई दिए। साथ ही गौतम विग भी पार्टी में एब्सेंट दिखे। वहीं वीडियो को शेयर करते हुए फराह ने कैप्शन में लिखा, जब मेरे फेवरेट शो के सितारे घर पर आते हैं... मेरे कुछ क्लोज फ्रेंड्स के साथ...यह दीवानगी दीवानगी है। साजिद खान ये तुम्हारे लिए है। थैंक यू.



>>> बॉलीवुड <<<

## बिग बॉस के बाद अब इस रियलिटी शो में नजर आएंगी सुंबुल तौकीर खान

छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस भले ही अब खत्म हो चूका हैं। लेकिन इस सीजन में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट की खबरे अभी भी तेजी से वायरल होती रहती हैं। ऐसे में अब शो के एक और कंटेस्टेंट को लेकर काफी ज्यादा बातें बनती हुई दिखाई दे रही हैं। दरअसल बिग बॉस का घर एक ऐसा घर हैं जहां आने के बाद से कंटेस्टेंट की किस्मत चमकनी शुरू हो जाती हैं। ऐसा ही किस्मत अब इस सीजन में आए एक कंटेस्टेंट का चमकता हुआ दिखाई दे रहा हैं। दरअसल ये कंटेस्टेंट कोई और नहीं बल्कि इस सीजन में आए सबसे छोटी और होनहार कलाकार सुंबुल तौकीर खान हैं। शो से बहार आने के बाद सुम्बुल लगातार इंटरव्यू कर रही हैं। ऐसे में जब एक जर्नलिस्ट ने सुम्बुल से ये सवाल किया की क्या वो खतरों के खिलाडी में नजर आ सकती है? इस सवाल के जवाब में सुंबुल ने कहा अगर मुझे शो का ऑफर मिलेगा तो मैं इसे जरूर करूंगी, क्योंकि यह टीवी का सबसे सफल शो है और इसमें स्टंट्स बहुत होते हैं। मुझे स्टंट करने पसंद हैं। इमली में भी मैंने सारे स्टंट खुद किये थे, कभी भी बॉडी डबल का इस्तेमाल नहीं किया। मैं किसी को भी अपने डर के बारे में नहीं बताऊंगी, क्योंकि बिग बॉस में मैंने यह किया था और लोगों ने उसका फायदा उठाया था। लेकिन अगर खतरों के खिलाड़ी 13 का मुझे ऑफर मिला तो मैं जरूर करूंगी।



स्टार एक्सप्रेस स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी–18, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादकः नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK